www.anokhateer.com
anokhateer@gmail.com
पंजीयन क्रमांक-एमपीएचआईएन 69306/1998

Epaper

दैनिक
# अनोखा तीर
हरदा एवं नर्मदापुरम् से एक साथ प्रकाशित
निशाने पर हर खबर

17 मार्च 2026
हरदा, मंगलवार
वर्ष-15, अंक - 277, पृष्ठ-8
मूल्य- 2 रुपए
चैत्र कृष्ण पक्ष - 13
विक्रम संवत् 2082

# मध्यप्रदेश नदियों का मायका : मुख्यमंत्री

**जल आत्मनिर्भरता से ही बनेगा समृद्ध प्रदेश**

- सीएम डॉ. यादव बोले-जल है तो कल है का नहीं है कोई विकल्प
- मुख्यमंत्री ने कहा-प्रदेश में बूंद-बूंद बचाने के करेंगे हर संभव प्रयास

**अनोखा तीर, भोपाल।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जल प्रकृति का अमूल्य उपहार है। इसे बचाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। हम हर गांव, हर शहर और हर नागरिक को जल संरक्षण के कार्यों से जोड़ना चाहते हैं। समाज और सरकार जब साथ मिलकर काम करेंगे, तो मध्यप्रदेश समृद्धि की दिशा में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। प्रदेश के नागरिकों को पानी बचाने के लिए सक्रिय रूप से जुड़ना होगा।

इससे मध्यप्रदेश जल संचयन और प्रबंधन में देश का एक मॉडल स्टेट बनेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल संबंधी जरूरतों की पूर्ति और भावी पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों की सुरक्षा की मंशा से प्रदेश सरकार एक बार फिर बड़े पैमाने पर जल गंगा संवर्धन अभियान शुरु करने जा रही है। भारतीय नववर्ष प्रतिपदा (गुढ़ी पड़वा) के शुभ अवसर पर 19 मार्च को उज्जैन की शिप्रा नदी तट से इस राज्य स्तरीय अभियान का शुभारंभ किया जा रहा है। यह अभियान 30 जून तक अनवरत् चलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल संरक्षण एक सामाजिक आंदोलन बनाना है।



- **जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने की पहल**– मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में जल संरक्षण की परम्परा सदियों पुरानी है। प्राचीन काल से ही तालाब, कुएं और बावड़ियां सिर्फ़ जल के स्रोत न होकर सामाजिक जीवन का केंद्र हुआ करते थे। सरकार उसी परम्परा को आधुनिक तकनीक और जनभागीदारी के जरिए पुनर्जीवित करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान का उद्देश्य नई जल संरचनाएं बनाने के साथ ही प्रदेश में जल संरक्षण की संस्कृति को समृद्ध करना भी है। अभियान से गांव-गांव में लोगों को यह समझाया जाएगा कि वर्षा जल का संरक्षण, भूजल का पुनर्भरण और जल स्रोतों का संरक्षण जीवन और विकास दोनों के लिए अनिवार्य है।
- **जनभागीदारी है अभियान की सबसे बड़ी शक्ति**– मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान की सफलता का सबसे बड़ा आधार जनभागीदारी है। उन्होंने प्रदेश के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे जल संरक्षण के इस महाअभियान में बढ़-चढ़कर भागीदारी करे। उन्होंने कहा कि गांव-गांव में श्रमदान कर तालाब और कुओं की सफाई की जाए। वर्षा जल के संचयन की व्यवस्था घरों में भी करने के उपाय करे। जल स्रोतों के आस-पास स्वच्छता बनाए रखें। उन्होंने कहा कि यदि समाज और सरकार मिलकर काम करेंगे, तो प्रदेश जल समृद्ध राज्य बन सकता है। जल गंगा संवर्धन अभियान से जल संरक्षण को तो बढ़ावा मिलेगा ही, साथ ही इसके दूरगामी पर्यावरणीय और आर्थिक लाभ भी होंगे।

### पहले चरण में बनीं 2.79 लाख से अधिक जल संरचनाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2024 में राज्य स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान का पहला चरण प्रारंभ किया गया था। इसमें जल संरक्षण के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए गए। पहले चरण में कुल 2.79 लाख से अधिक जल संरचनाओं का निर्माण और पुनर्जीवन किया गया। इनमें प्रमुख रूप से तालाब निर्माण एवं पुनर्जीवन, कुएं और बावड़ियों की मरम्मत नहर निर्माण, सूखी नदियों का पुनर्जीवन एवं जल संरक्षण से जुड़ी अन्य संरचनाएं शामिल हैं। इन कामों से प्रदेश के अनेक क्षेत्रों में भूजल स्तर में सुधार देखने को मिला और किसानों को सिंचाई के लिए अतिरिक्त जल भी उपलब्ध हुआ है। वर्ष-2025 में चलाए गए जल संरक्षण अभियान के दूसरे चरण में भी व्यापक स्तर पर कार्य हुए।

# दिल्ली में पीएम मोदी से मिले सीएम यादव

**किसानों के हित में हो रहे काम की दी जानकारी**



**अनोखा तीर, भोपाल।**

सीएम मोहन यादव ने दिल्ली दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की है। इस दौरान सीएम मोहन यादव ने किसान कल्याण वर्ष के अंतर्गत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमओं और गतिविधियों के बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जानकारी दी है। पीएम मोदी और सीएम के बीच राज्य के अन्य विकास कार्यों को लेकर भी बात हुई है। इसके साथ ही सीएम मोहन यादव ने राज्य में किसानों के हित में किए जा रहे प्रयासों और प्रदेश की प्रगति से भी अवगत कराया। मुलाकात के बाद सीएम ने बताया कि किसान कल्याण वर्ष के तहत कृषि विकास, किसानों की आय वृद्धि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रदेश में कई पहलें की जा रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने इन प्रयासों की सराहना करते हुए मार्गदर्शन प्रदान किया। मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बताए मार्ग के अनुसार चारों श्रेणियों, किसान-महिला-गरीब-युवा के लिए काम कर रही है। हम किसान कल्याण वर्ष को बहुत अच्छे से मना रहे हैं।

# गत्ता फैक्ट्री की आग बुझाने बुलानी पड़ी आर्मी

- सागर में 10 से अधिक दमकलों ने 7 घंटे में पाया काबू; शॉर्ट सर्किट की आशंका



**सागर (एजेंसी)।** सागर के बहेरिया थाना क्षेत्र स्थित चनाटोरिया में रविवार रात 2.30 बजे एक पुट्ठा (गत्ता) फैक्ट्री में आग लग गई, जिसे बुझाने के लिए आर्मी बुलानी पड़ी और 7 घंटे की मशक्कत के बाद 10 से अधिक दमकलों की मदद से इस पर काबू पा लिया गया है। आग लगातार बढ़ने पर मकरोनिया नगर पालिका, सागर नगर निगम और शाहपुर नगर परिषद की फायर ब्रिगेड गाड़ियां मौके पर बुलाई गईं। आग पर काबू नहीं पाए जाने पर आर्मी को सूचना दी गई, जिसके बाद आर्मी की फायर फाइटर टीम ने मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाला।10 से अधिक फायर गाड़ियों ने सेना के साथ मिलकर करीब 7 घंटे से अधिक की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

- **रात 2.30 बजे उठीं 10 फीट ऊंची लपटें**– रविवार रात करीब 2.30 बजे चनाटोरिया पर स्थित पुट्ठा (पेपर के गत्ते) बनाने वाली फैक्ट्री में अचानक आग लग गई थी। आग की 10 फीट ऊंची लपटें उठती देख वहां से गुजर रहे राहगीरों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना दी थी।
- **शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका, नुकसान का आकलन जारी**–पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आगजनी का पंचनामा बना लिया है और आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। प्राथमिक जांच में पुलिस द्वारा इस फैक्ट्री में आग शॉर्ट सर्किट से लगने की आशंका जताई जा रही है। इस आगजनी में फैक्ट्री संचालक को कुल कितने का नुकसान हुआ है, यह स्थिति अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है।

# '13 साल का रिश्ता है, इसलिए रेप असंभव'

## हाईकोर्ट ने 'आपसी सहमति' बताकर रद्द की लेफ्टिनेंट कर्नल पर हुई एफआईआर

**अनोखा तीर, भोपाल ।**

एमपी हाईकोर्ट ने भोपाल में तैनात भारतीय सेना के एक लेफ्टिनेंट कर्नल के खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द कर दिया है। उन पर शादी का झूठा वादा करके एक महिला पुलिस कांस्टेबल से कथित तौर पर रेप करने का आरोप था। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि दोनों के बीच संबंध आपसी सहमति से बने थे और उस व्यक्ति के खिलाफ कोई मामला नहीं बनता है। महिला पुलिस कांस्टेबल ने आरोप लगाया था कि उस व्यक्ति ने खुद को कुंवारा बताकर उससे शादी का झूठा वादा किया था।



**2013 में लगी महिला को खबर**– कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि शिकायतकर्ता की एफआईआर में ही यह बात लिखी है कि उसे 2013 में पता चला था कि याचिकाकर्ता शादीशुदा है। जब उसने इस बारे में पूछा, तो उसने बताया कि उसकी अपनी पत्नी से नहीं बनती है, वे साथ नहीं रहना चाहते हैं और वह जल्द ही तलाक ले लेगा।

- **अधिकारी ने दी थी एफआईआर रद्द कराने की याचिका**– सेना के अधिकारी द्वारा अपने खिलाफ एफआईआर रद्द कराने के लिए दायर याचिका को स्वीकार करते हुए, जस्टिस सर्राफ ने 11 मार्च, 2026 को अपने आदेश में कहा, सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय किए गए कानून और मामले के तथ्यों पर विचार करने के बाद, मुझे बीएनएसएस 2023 की धारा 528 के तहत मिली अंतर्निहित शक्तियों का इस्तेमाल करके एफआईआर रद्द करने में कोई हिचकिचाहट नहीं है।
- **लंबे समय तक चला रिश्ता, इसलिए रेप असंभव**– जज ने अपने आदेश में आगे कहा कि याचिकाकर्ता और शिकायतकर्ता के बीच लंबे समय तक चले संबंधों को देखते हुए, यह मानना मुश्किल है कि याचिकाकर्ता ने शादी का झूठा वादा करके शारीरिक संबंध बनाए और रेप किया। इन बातों को ध्यान में रखते हुए, इस कोर्ट का मानना है कि याचिकाकर्ता यह साबित करने में सफल रहा है कि यह रेप का मामला नहीं।
- **कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग**– जज ने कहा कि एफआईआर दर्ज कराना कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग प्रतीत होता है। सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश का हवाला देते हुए, जस्टिस सराफ ने कहा, यह भी ध्यान दिया जाना चाहिए कि ऐसे अवसर भी आ सकते हैं, जब शुरू में शादी का वादा किया गया हो।



# 2 दिन तेज गर्मी...18-19 मार्च को बारिश

## भोपाल में धूप से बचने घरों पर ग्रीन नेट, ग्वालियर-जबलपुर में सड़कों पर वीरानी

**अनोखा तीर, भोपाल ।**

मध्य प्रदेश में तेज गर्मी से बचने के लिए लोगों ने जतन करना शुरू कर दिए हैं। भोपाल में घरों को ग्रीन नेट से कवर किया जा रहा है। ताकि, धूप से टेम्परेचर न बढ़े। इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और उज्जैन में दिन के समय सड़कों पर वीरान छाई हुई है। मौसम विभाग ने अगले 2 दिन तक तेज गर्मी पड़ने का अनुमान जताया है। वहीं, 18 और 19 मार्च को कई जिलों में बारिश हो सकती है।

इससे पहले ग्वालियर-चंबल में वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) का असर देखा गया। यहां बादल छाए रहे। इससे तापमान में 1.7 डिग्री तक की गिरावट हुई। मौसम विभाग की माने तो यह सिस्टम अब कमजोर पड़ गया है।

इस वजह से 16 और 17 मार्च को कहीं भी बारिश या बादल का अलर्ट नहीं है। मौसम वैज्ञानिक अरुण शर्मा ने बताया, 17 मार्च की रात से एक नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित कर सकता है। इसका एमपी में 18-19 मार्च को असर दिखाई देगा।

- **गर्मी से राहत...नर्मदापुरम में पारा लुढ़का, लू का असर नहीं**– मौसम विभाग के अनुसार, ग्वालियर में रविवार को अधिकतम तापमान 32.6 डिग्री, दतिया में 32.4 डिग्री, छिंदवाड़ा में 36 डिग्री, सिवनी में 35.6 डिग्री, मंडला में 37.2 डिग्री, बालाघाट में 35 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने इन जिलों में मौसम में बदलाव होने की बात कही थी। शाम तक बारिश तो दर्ज नहीं की गई, लेकिन बादल जरूर छाए रहे। इस वजह से पारे में गिरावट दर्ज की गई। वहीं, पिछले 3 दिन से तीव्र लू के प्रभाव वाले नर्मदापुरम में पारा लुढ़ककर 38.9 डिग्री पर आ गया। 5 बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 36.4 डिग्री, इंदौर में 35.5 डिग्री, ग्वालियर में 32.6 डिग्री, उज्जैन में 35.5 डिग्री और जबलपुर में तापमान 35.7 डिग्री दर्ज किया गया।

# जबलपुर जिला अदालत के बाहर धमाका

- कोर्ट परिसर में मच गई थी अफरा-तफरी, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

**अनोखा तीर, जबलपुर ।**

जबलपुर जिला अदालत के बाहर सोमवार शाम उस समय हड़कंप मच गया, जब कोर्ट नंबर-2 के पास तेज धमाके की आवाज सुनाई दी। धमाके के बाद वकीलों और वहां मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई।

सूचना मिलते ही ओमती थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई भी घायल नहीं हुआ। पुलिस को मौके से धमाके के बाद अवशेष और माचिस बरामद हुई है।

जानकारी के मुताबिक शाम करीब 5 से 5:15 बजे के बीच कोर्ट का अंतिम काम चल रहा था। इसी दौरान सीजेएम कोर्ट नंबर-2 के बाहर तेज धमाका हुआ। धमाके की आवाज सुनते ही कोर्ट में मौजूद वकील इसे गंभीर घटना मानते हुए बाहर निकलने लगे। सूचना मिलते ही ओमती थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।



पुलिस की शुरुआती जांच चल रही है और पता लगाया जा रहा कि यह किससे धमाका हुआ है। घटना को लेकर जिला अधिवक्ता संघ ने विरोध जताते हुए इसे अदालत की सुरक्षा में बड़ी चूक बताया है।

- **घटना ने सुरक्षा पर उठाए सवाल**– अधिवक्ता मनीष मिश्रा, अध्यक्ष जिलाअधिवक्ता का कहना है कि आज कोर्ट में जो घटना हुई है, वह न सिर्फ जज और वकीलों की सुरक्षा पर सवाल खड़े करती है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि कोर्ट परिसर के भीतर बे-रोकटोक कोई भी प्रवेश कर रहा है। सवाल यह भी उठ रहा है कि जब कोर्ट के हर गेट पर सुरक्षा के लिए पुलिस तैनात रहती है, तो फिर कोई व्यक्ति बम लेकर अंदर कैसे पहुंच गया और धमाका कर दिया।

### आदमपुर कचरा खंती में आग लगी

**अनोखा तीर, भोपाल ।** भोपाल के आदमपुर स्थित कचरा खंती में सोमवार दोपहर में आग लग गई। आग की लपटें 20 फीट ऊपर उठ गई। वहीं, धुएं के घने गुबार 10 किलोमीटर दूर से भी दिखाई दिए। दमकलें आग को काबू में ले रही है। आगजनी की घटना शाम 4 बजे की बताई जा रही है। शाम साढ़े 5 बजे तक दमकलें मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाती नजर आई। तेज हवा की वजह से आग तेजी से फैल गई और कचरे के ढेर को अपनी चपेट में ले लिया।

**मुख्य गेट के पास कचरे का ढेर**– बताया जा रहा है कि डंप के मुख्य द्वार के पास स्थित आरडीएफ के ढेर से अचानक धुआं निकलने लगा। जब आग भड़की, तो वहां मौजूद कर्मचारियों ने कचरा हटाने की कोशिश की।

- भिंड के मालनपुर में बरैठा प्लाजा पर हंगामा; ऑनलाइन टोल काटने का विरोध

# 'नो रोड-नो टोल आंदोलन' के दौरान तोड़-फोड़

**भिंड (एजेंसी)।** ग्वालियर-भिंड-इटावा नेशनल हाईवे-719 के चौड़ीकरण की मांग को लेकर सोमवार दोपहर मालनपुर के बरैठा टोल प्लाजा पर 'नो रोड, नो टोल' आंदोलन शुरू हो गया।

आंदोलन शुरू होते ही कुछ प्रदर्शनकारियों ने हंगामा कर दिया। ऑनलाइन टोल कटने का विरोध करते हुए टोल बूथ में तोड़-फोड़ कर दी। घटना के बाद मौके पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

सोमवार दोपहर करीब 12 बजे तय कार्यक्रम के अनुसार संत कालीदास महाराज के नेतृत्व में प्रदर्शनकारी बरैठा टोल प्लाजा पहुंचे और आंदोलन शुरू किया।

इसी दौरान कुछ प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि टोलकर्मी भले ही टोल फ्री होने की बात कह रहे हैं, लेकिन वास्तव में यहां से गुजरने वाले वाहनों से ऑनलाइन टोल वसूला जा रहा है।



- **हाईवे चौड़ीकरण को लेकर आंदोलन**– नेशनल हाईवे 719 के चौड़ीकरण की मांग लंबे समय से उठ रही है। इस हाइवे पर रोजाना हादसे होते हैं, जिसमें लोगों की जान चली जाती है। इसी बात से व्यथित होकर साधु संतों ने इस हाइवे को 6 लेन करवाने का संकल्प लिया है। इससे पहले भिंड के जिम्मेदार नागरिक भी इस हाइवे को चौड़ा करने की मांग जन प्रतिनिधियों से कर चुके हैं। कई बार आश्वासन भी मिल चुका है लेकिन अभी तक चौड़ीकरण का कार्य शुरू नहीं हुआ है। ऐसे में इस हाइवे पर टोल भी वसूला जा रहा है।
- **काफी दिनों से दे रहे थे चेतावनी**– काफी दिनों से साधु-संतों द्वारा आंदोलन करने की चेतावनी दी जा रही थी। जब सरकार ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया तो सोमवार को अपने तय कार्यक्रम के तहत संत समाज बरेठा टोल प्लाजा पर आंदोलन करने के लिए पहुंच गया।

### साधु-संतों ने शुरू किया आंदोलन, नागा बाबा ने टोल प्लाजा के पास धूनी रमाई

ग्वालियर से इटावा तक जाने वाले नेशनल हाईवे 719 के चौड़ीकरण की मांग को लेकर सोमवार से साधु संतों का आंदोलन बरेठा टोल प्लाजा पर शुरू हो गया है। बड़ी संख्या में साधु संत बरेठा टोल प्लाजा पर पहुंचे हैं और यहां आंदोलन शुरू कर दिया है। एक नागा बाबा ने टोल प्लाजा पर ही धूनी रमाई है। इस आंदोलन का नेतृत्व संत समाज समिति के जिला अध्यक्ष कालिदास महाराज कर रहे हैं।

संक्षिप्त समाचार

## कटक के सरकारी हॉस्पिटल में आग, 10 मरीजों की मौत

● 11 कर्मचारी भी झुलसे, मृतकों के परिजन को 25-25 लाख मुआवजा



**कटक (एजेंसी)।** ओडिशा में कटक के श्रीराम चंद्र भांजा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रविवार रात करीब 3 बजे आग लग गई। हादसे में 10 मरीजों की मौत हो गई है। इनमें से 7 ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, 3 की मौत इलाज के दौरान हुई। आग पहली मंजिल पर ट्रॉमा केयर के आईसीयू में लगी थी। यहां करीब 23 मरीज भर्ती थे। उन्हें बचाने में अस्पताल के कम से कम 11 कर्मचारी झुलस गए। अनुमान है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी थी। ओडिशा सीएम मोहन चरण मांझी सुबह घायलों को देखने के लिए हॉस्पिटल पहुंचे। उन्होंने मृतकों के परिवारों को 25–25 लाख रुपए मुआवजा देने का ऐलान किया है। साथ ही हादसे की हाई लेवल जांच का आदेश दिया है। श्रीराम चंद्र भांजा मेडिकल कॉलेज कटक का सबसे बड़ा अस्पताल है। यहां पूरे राज्य से लोग इलाज करवाने के लिए आते हैं।

## राज्यसभा में एलपीजी संकट पर हुआ जबरदस्त हंगामा

● खड़गे बोले-सरकार को पहले से पता था, इंतजाम क्यों नहीं किया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बजट सत्र के दूसरे फेज में सोमवार को लोकसभा में पहली बार प्रश्नकाल बिना किसी हंगामे के पूरा हुआ। इधर राज्यसभा में एलपीजी सिलेंडर के संकट को



लेकर विपक्ष ने सवाल उठाए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यसभा में कहा कि पेट्रोलियम मंत्री ने लोकसभा में दावा किया कि एलपीजी की कोई कमी नहीं है, लेकिन जमीनी हकीकत सरकारी दावों को गलत साबित कर रही है। अगर सरकार समय रहते इंतजाम कर लेती, तो हालात इतने खराब नहीं होते। इस पर भाजपा सांसद जेपी नड्डा ने खड़गे को टोका। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आपदा में भी राजनीति कर रही है। इसके बाद भी खड़गे ने बोलना जारी रखा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस नेता जवाब नहीं सुनते है। तृणमूल कांग्रेस ने राज्यसभा से वॉकआउट किया। पार्टी ने चुनाव आयोग के बंगाल के शीर्ष अधिकारियों को हटाने के फैसले का विरोध किया।

## छात्र की डेडबॉडी देने कनाडा सरकार मांग रही 35 लाख

### उज्जैन लाने के 10 लाख अलग लगेंगे, दो दिन पहले कार से कुचलकर हत्या हुई थी

**उज्जैन (एजेंसी)।** कनाडा में कार से कुचले गए उज्जैन के छात्र गुरकीरत सिंह मनोचा की बॉडी भारत लाने में परिवार के सामने बड़ी आर्थिक परेशानी खड़ी हो गई है। परिजन का



कहना है कि कनाडा सरकार बॉडी देने के लिए करीब 40 हजार डॉलर (लगभग 35 लाख रुपए) जमा कराने को कह रही है। इतना ही नहीं, जांच प्रक्रिया के कारण अस्पताल से बॉडी 15 दिन बाद ही दी जाएगी। परिवार ने बताया कि बॉडी को कनाडा से उज्जैन लाने में करीब 10 लाख रुपए का अतिरिक्त खर्च आएगा। ऐसे में परिजन ने केंद्र और राज्य सरकार के साथ स्थानीय प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। बता दें, गुरकीरत सिंह मनोचा की दो दिन पहले कनाडा में कार से कुचलकर हत्या कर दी गई थी। सरकार से मदद की लगाई गुहार गुरकीरत सिंह के पिता गुरजीत सिंह का कहना है कि इतनी बड़ी रकम का इंतजाम करना उनके लिए संभव नहीं है।




# जंग के बीच एलपीजी लेकर भारत पहुंचा पहला जहाज

### शिवालिक शिप पर 32.4 लाख घरेलू सिलेंडर जितनी गैस

● आज नंदा देवी और जग लाडकी शिप पहुंचेंगे गुजरात पोर्ट

**तेल अवीव/तेहरान (एजेंसी)।** अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी जंग के बीच एलपीजी कैरियर जहाज शिवालिक कतर से गैस लेकर भारत पहुंच गया है। यह जहाज सोमवार शाम 5 बजे गुजरात के मुंद्रा पोर्ट पर पहुंचा। यह जहाज 14 मार्च को होर्मुज स्ट्रेट पार कर भारत की ओर रवाना हुआ था। मिडिल-ईस्ट में जारी संघर्ष के बीच यह भारत पहुंचने वाला पहला एलपीजी जहाज है। शिवालिक जहाज पर करीब 46 हजार मीट्रिक टन एलपीजी लदी है, जो लगभग 32.4 लाख घरेलू गैस सिलेंडरों के बराबर बताई जा रही है। शिपिंग मंत्रालय के मुताबिक नंदा देवी नाम का जहाज भी करीब 46 हजार टन एलपीजी लेकर भारत आ रहा है और उसके कल पहुंचने की संभावना है। वहीं जग लाडकी जहाज करीब 81 हजार टन मुरबान



कच्चा तेल लेकर भारत की ओर आ रहा है और इसके भी कल मुंद्रा बंदरगाह पहुंचने की उम्मीद है। दिल्ली में भारत सरकार के शिपिंग मंत्रालय के अधिकारी राजेश कुमार सिन्हा ने कहा, भारतीय झंडा वाले जहाज 'जग लाडकी' ने 14 मार्च को यूएई से रवाना होकर करीब 81 हजार टन मुरबान कच्चा तेल लेकर भारत की ओर यात्रा शुरू की है। जहाज और उस पर सवार सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं। यह जहाज कल पहुंच जाएगा।

# देश में थोक महंगाई 12 महीने में सबसे ज्यादा

● खाने-पीने की चीजें और रोजाना जरूरत का सामान हुआ महंगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** फरवरी में थोक महंगाई बढ़कर 2.13 फीसदी पर पहुंच गई है। ये महंगाई का 12 महीने का हाई लेवल है। फरवरी 2025 में ये 2.38 फीसदी पर पहुंच गई थी। इससे पहले जनवरी 2026 में थोक महंगाई 1.81 फीसदी पर थी। वहीं दिसंबर में थोक महंगाई 0.83 फीसदी पर थी। कॉमर्स मिनिस्ट्री ने आज यानी 16 मार्च को थोक महंगाई के आंकड़े जारी किए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग लंबी चली तो कच्चे तेल के दाम 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकते हैं। इससे पेट्रोल-डीजल महंगा हो सकता है, जिससे माल ढुलाई का खर्च बढ़ेगा और फल-सब्जी समेत हर जरूरी सामान की कीमतें बढ़ जाएंगी। रोजाना की जरूरत वाले सामानों (प्राइमरी आर्टिकल्स) की महंगाई 2.21 से बढ़कर 3.27 फीसदी हो गई। फूड इंडेक्स की महंगाई बढ़ गई है।

● फरवरी में 2.13 फीसदी पर पहुंची मार्च में और बढ़ सकती है



## अगर कानून नहीं संभाल सकते तो इस्तीफा दे दें

**प्रयागराज (एजेंसी)।** संभल की एक मस्जिद में नमाजियों की संख्या सीमित करने के जिला प्रशासन के आदेश को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया। कोर्ट ने राज्य सरकार को नमाज के समय सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम करने का आदेश दिया है। जस्टिस अतुल श्रीधरन और न्यायमूर्ति सिद्धार्थ नंदन की खंडपीठ ने यह भी कहा कि यदि कोई व्यक्ति नमाज में बाधा डालता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। कोर्ट ने फैसला संभल के रहने वाले मुनाजिर खान की याचिका पर सुनाया। याचिका पर पिछली सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने संभल डीएम और एसपी को फटकार लगाई थी। कहा था-प्रशासन मस्जिद में नमाजियों की संख्या सीमित नहीं कर सकता। डीएम राजेंद्र पेंसिया और एसपी केके विश्नोई गलत हैं।

## बंगाल में चुनाव से पहले ईसी का चल गया 'डंडा'

● चुनाव आयोग ने मुख्य सचिव और डीजीपी को हटाया ● कोलकाता पुलिस कमिश्नर समेत 6 अधिकारी भी बदले

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के दूसरे ही दिन चुनाव आयोग ने 6 अफसरों का तबादला कर दिया। आयोग ने पीयूष पांडे की जगह सिद्धनाथ गुप्ता को डीजीपी बनाया है। वहीं, आयोग ने राज्य की मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती को पद से हटा दिया है। उनकी जगह 1993 बैच के आईएएस दुष्मंत नारियाला को नया मुख्य सचिव नियुक्त किया है। सुप्रतिम सरकार की जगह अजय कुमार नंद को कोलकाता पुलिस कमिश्नर बनाया गया है। साथ ही राज्य के गृह सचिव जगदीश प्रसाद मीणा की जगह 1997 बैच की आईएएस अफसर संघमित्रा घोष को गृह सचिव बनाया गया है। चुनाव आयोग के आदेश के मुताबिक यह निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। नटराजन रमेश को सुधार सेवा महानिदेशक बनाया गया है।





## जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में लैंडस्लाइड

● भारी बर्फबारी में फंसे 235 लोगों को अपनी सेना ने बचाया ● ओडिशा में बवंडर से 2 की जान गई, 6 राज्यों में अलर्ट जारी




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में भारी बर्फबारी के बीच एक हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट के पास हुए लैंडस्लाइड हुई। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक घायल हो गया। इसी बीच, सेना ने भारी बर्फबारी के कारण किश्तवाड़ के सिंथन टॉप इलाके में फंसे महिलाएं और बच्चे सहित 235 लोगों को रेस्क्यू किया। खराब मौसम और भारी बर्फबारी के कारण कई वाहन रास्ते में फंस गए थे। इधर, हिमाचल प्रदेश के लाहौल स्पीति में बर्फ देखने गए टूरिस्ट पूरी रात अटल टनल रोहतांग में फंसे रहे। बर्फबारी के कारण सड़क पर फिसलन बढ़ने से ट्रैफिक रोक दिया गया था। टनल में करीब हजार गाड़ियां फंसी थीं। इधर, सिक्किम के कई इलाकों में रविवार देर शाम तूफान के साथ मूसलाधार बारिश हुई। कई जगहों पर बड़े-बड़े पेड़ और बिजली पोल तक गिर गए। रकडोंग काफर इलाके में पेड़ गिरने से एक महिला की मौत हो गई। ओडिशा के मयूरभंज जिले में भी एक बवंडर ने भारी तबाही मचाई।

## बच्चों को रोने-नाराज होने दें ...लेकिन स्मार्टफोन न दें

● योगी ने बंदर की कहानी सुनाई, बोले-इंसानों को सीखना चाहिए

**लखनऊ (एजेंसी)।** सीएम योगी ने सोमवार को राजस्थान में जालोर के श्री रत्नेश्वर महादेव मंदिर (सिरे मंदिर) के 375 साल पूरे होने पर आयोजित महायज्ञ में हिस्सा लिया। मंदिर पहुंचने से पहले रास्ते में योगी ने बंदरों को खाना खिलाया। इसके बाद धर्मसभा में योगी ने कहा- इंसानों को बंदरों से सीखना चाहिए। बंदरों की तरह से लोभ से बचना भी बड़ी साधना है।

सीएम ने मंदिर के आसपास चौराहे का जिक्र करते हुए कहा- कल जब हम लोग यहां रुके तो ढेर सारे बंदर आ गए। हमने एक बंदर को रोटी दी तो वह खाने लगा, लेकिन जब तक उसने पहली रोटी नहीं खा ली, तब तक दूसरी नहीं ली। इंसानों को भी यह शालीनता सीखनी चाहिए। इंसान हड़पने और जमा करने की बजाय जरूरतमंद तक पहुंचाने का भाव रखें। योगी ने महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि छोटी उम्र के बच्चों को रोने-नाराज होने दें, वे कुछ देर में ठीक हो जाएंगे। लेकिन उन्हें स्मार्टफोन कतई न दें। यह उनकी सोचने की शक्ति को कम कर देता है। बुद्धि को कुंठित कर देता है। लोग इससे डिप्रेशन के शिकार हो रहे।



**धर्म जोड़ता है, जातिवाद व्यवस्था को कमजोर करता है-** योगी ने कहा- धर्म जोड़ने का माध्यम है, लेकिन जातिवाद व्यवस्था को कमजोर करता है। संत, योगी, योगेश्वर सदैव अजर-अमर हैं। इनकी कृपा भक्तों और आस्थावान श्रद्धालुओं पर बरसती है। हम भी प्रयास करें, क्योंकि देश, समाज, धर्म के लिए किया गया योगदान कभी व्यर्थ नहीं जाता। समाज को बांटने का पाप करने वाले को समझाएं और उसे दूर करने का प्रयास करें। सीएम ने कहा कि यह देश वीरों व वीरांगनाओं के बलिदान से बना है।

## वांगचुक की रिहाई के दो दिन बाद लेह में रैली

### कारगिल बंद रहा, सितंबर में 4 लोगों की मौत हुई थी

**लेह (एजेंसी)।** लद्दाख के लेह शहर में सोमवार को कड़ी सुरक्षा के बीच सैकड़ों लोगों ने रैली निकाली। वहीं कारगिल में बंद रखा गया। यह रैली पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की रिहाई के दो दिन बाद हुई। सितंबर 2025 में लेह में हिंसक प्रदर्शन हुआ था।

इसमें पुलिस फायरिंग में 4 लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद यह पहली रैली है। यह बंद और रैली लेह एपेक्स बॉडी और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस (केडीए) के आह्वान पर किया गया। इन संगठनों की मुख्य मांगें लद्दाख को राज्य का दर्जा देना और उसे संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करना हैं। वांगचुक को करीब छह महीने तक राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत हिरासत में रखा गया था। केंद्र सरकार ने शनिवार को घोषणा की कि सभी पक्षों के साथ रचनात्मक और सार्थक बातचीत को आसान बनाने के लिए वांगचुक की हिरासत समाप्त की जा रही है। रैली का नेतृत्व केडीए के सह-अध्यक्ष चेरिंग दोरजे ने किया।

## बिहार में हो गया खेला, 4 लापता विधायकों ने पलट दी बड़ी बाजी

● राज्यसभा चुनाव-ओडिशा में बीजेपी और बीजेडी विधायक भिड़े

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बिहार की राजनीति ने एक बार फिर सभी को चौंका दिया है। राज्यसभा चुनावों में एनडीए को पांचवीं सीट जीतने के लिए 3 विधायकों की जरूरत थी। वहीं महागठबंधन को 6 विधायकों की। हर किसी की नजरें ओवैसी की पार्टी के 5 और बसपा के 1 एमएलए पर टिकी थी। इन 6 विधायकों को तो तेजस्वी यादव ने अपनी ओर कर लिया, लेकिन शायद एनडीए ने कांग्रेस और आरजेडी के खेमे ही सेंधमारी कर दी है। आखिरी क्षणों तक भी महागठबंधन के 4 विधायक लापता रहे। 3 कांग्रेस के और 1 आरजेडी का विधायक। वोटिंग खत्म होने के आखिरी क्षणों तक भी ये वोट डालने नहीं पहुंचे। इन्हें बार-बार फोन किया गया, लेकिन ये लापता ही रहे। हरियाणा, बिहार और ओडिशा की 11 राज्यसभा सीटों के लिए सुबह 9 बजे से जारी वोटिंग पूरी हो गई है।



● तेहरान के मेहराबाद एयरपोर्ट पर एयरस्ट्राइक की, ग्रोक ने नेतन्याहू के वीडियो को 'डीपफेक' बताया

## इजराइल का दावा-पूर्व सुप्रीम लीडर खामेनेई का प्लेन तबाह किया

**तेल अवीव/तेहरान (एजेंसी)।** इजराइली वायुसेना ने दावा किया है कि उसने ईरान की राजधानी तेहरान के मेहराबाद एयरपोर्ट पर एयरस्ट्राइक कर एक विमान को तबाह कर दिया। इजराइल के मुताबिक यह विमान ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अली खामेनेई और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के इस्तेमाल में था। सेना का कहना है कि इस विमान का उपयोग सैन्य खरीद और सहयोगी देशों के साथ संपर्क बनाए रखने के लिए किया जाता था। इसी बीच इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का एक वीडियो वायरल है।



**ईरान ने इजराइल पर 'सेजिल बैलिस्टिक मिसाइल' दागी-** ईरान की इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने कहा कि इजराइल के सैन्य और डिफेंस फैसिलिटी को निशाना बनाया गया है। यह सॉलिड फ्यूल वाली स्ट्रैटेजिक मिसाइल है, जो 2000–2500 किलोमीटर तक हमला कर सकती है। द नेशनल इंटरेस्ट पत्रिका के अनुसार, इस मिसाइल की पहुंच मिस्र, सूडान के कुछ हिस्सों, यूक्रेन के बड़े हिस्से, दक्षिणी रूस, पश्चिमी चीन, भारत और हिंद महासागर और भूमध्य सागर के बड़े क्षेत्रों तक हो सकती है। जंग के बीच यूएई ने 35 लोगों को गिरफ्तार करने का आदेश दिया, जिनमें 19 भारतीय हैं। न्यूज एजेंसी के मुताबिक इन पर सोशल मीडिया पर फेक वीडियो और जानकारी फैलाने का आरोप है।

● **जग लाडकी जहाज कच्चा तेल लेकर कल भारत पहुंचेगा-** दिल्ली में भारत सरकार के शिपिंग मंत्रालय के अधिकारी राजेश कुमार सिन्हा ने कहा, भारतीय झंडा वाले जहाज 'जग लाडकी' ने 14 मार्च को यूएई से रवाना होकर करीब 81 हजार टन मुरबान कच्चा तेल लेकर भारत की ओर यात्रा शुरू की है। जहाज और उस पर सवार सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं। यह जहाज कल मुंद्रा बंदरगाह पहुंच जाएगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हमारे करीब 90 नागरिक ईरान से जमीन के रास्ते अजरबैजान पहुंचे हैं।



## किसान अधिकार आंदोलन का शंखनाद : मोहन सांई

**अनोखा तीर, हरदा।** किसान अधिकार आंदोलन को सफल बनाने के लिए जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन सांई ने किसानों से आंदोलन में शामिल होने की अपील की। इस दौरान सोनतलाई ब्लाक अध्यक्ष सुरेन्द्र बिश्नोई, एनएसयूआई के पूर्व अध्यक्ष योगानंद राजपूत एवं एनएसयूआई के पूर्व अध्यक्ष अनिल बिश्नोई ने भी किसानों से संपर्क किया। नेताओं ने हरदा मंडी पहुंचकर किसानों से मुलाकात की और किसान अधिकार आंदोलन में शामिल होने का आह्वान किया। साथ ही सामरधा, नीमगांव, उन्डावा, छिड़गांव, जामली, पांचातलाई, सोनतलाई, करणपुरा, सेनगुड़ एवं बिछोला सहित विभिन्न गांवों में पहुंचकर किसानों से संपर्क कर आंदोलन को सफल बनाने की अपील की।



# जिले में अग्नि दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण किया जाए : कलेक्टर

- **शहरी क्षेत्रों में कचरे में आग न लगे, गांवों में पानी के टैंकरों में प्रेशर पाइप लगाए जाएं**
- **घरेलू उपभोक्ताओं को रसोई गैस की उपलब्धता में दिक्कत न हो**

अनोखा तीर, हरदा।



कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने जिले में अग्नि दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण किए जाने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायतों के पास उपलब्ध पानी के टैंकरों में अनिवार्य रूप से प्रेशर पाईप लगा हो। शहरी क्षेत्रों में जहां कचरे का संग्रहण है, वहां इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि कचरे में आग न लगे। यदि आग लगती है तो तुरन्त उस पर नियंत्रण किया जाए। सोमवार को आयोजित समयावधि अंकित पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिले में घरेलू उपभोक्ताओं को रसोई गैस की उपलब्धता में दिक्कत न हो, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होने रात 10 बजे के बाद ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण लगाने के उद्देश्य से कहा कि पुलिस की 112 वेन के साथ प्रत्येक क्षेत्र में संबंधित पटवारी गश्त करें। यदि कहीं ध्वनि विस्तारक यंत्रों का शोर पाया जाता है तो तत्काल कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाए। बैठक में कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि शहरी क्षेत्रों में जो दुकानदार डस्टबिन नहीं रख रहे हैं, उनके विरूद्ध चालानी कार्यवाही की जाए। उन्होने यह भी कहा कि सड़कों पर अतिक्रमण कर ठेले लगाने वाले दुकानदारों के विरूद्ध भी कार्यवाही हो। गर्मी के मौसम को देखते हुए जिले के बस स्टेण्डों पर पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी स्थानीय निकायों को निर्देश दिए। बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत भवनों पर अधिक से अधिक संख्या में रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाने के लिए भी नगरीय निकायों से कहा गया। इसके साथ ही हेण्डपम्पों के आसपास सोकपिट बनवाने के लिए भी संबंधित एजेन्सी को बैठक में निर्देश दिए गये। कलेक्टर ने जिले के सभी स्कूली छात्रावासों में जनभागीदारी से आरओ वाटर प्यूरिफायर सिस्टम लगवाने के भी बैठक में निर्देश दिए। बैठक में फार्मर रजिस्ट्री, संकल्प से समाधान एवं अन्य योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई। सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में फिसड्डी रहने वाली जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों के एक-एक सप्ताह के वेतन काटने के निर्देश दिए गए।

### बांस के प्लांटर से होगा अतिथियों का स्वागत

एक जिला एक उत्पाद योजना के अंतर्गत जिले में बांस से बनी कलाकृतियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि आगामी सभी कार्यक्रमों में अतिथियों को गुलदस्ते की जगह बांस के प्लांटर भेंट किए जाएंगे। जिससे बांस की कलाकृतियों को लोक प्रिय बनाने में मदद मिलेगी। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अंजली जोसेफ जोनाथन, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय व सुश्री रजनी वर्मा, एसडीएम हरदा अशोक डेहरिया, एसडीएम टिमरनी संजीव नागू, एसडीएम खिरकिया सुश्री शिवांगी बघेल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### छात्रा का राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर से लौटने पर हुआ स्वागत

**अनोखा तीर, हरदा।** 8 मार्च से 14 मार्च तक राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर 2026 का आयोजन चित्रकूट, जिला सतना में अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा के संगठन व्यवस्था द्वारा किया गया। इस शिविर में मध्यप्रदेश के 7 विश्वविद्यालयों से 625 स्वयंसेवकों ने सहभागिता की। नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल से 08 जिलों के स्वयंसेवकों ने भाग लिया, जिसमें हरदा जिले से 07 स्वयंसेवक शामिल हुए। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, स्वामी विवेकानंद शासकीय



महाविद्यालय हरदा की राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेवक एवं बीएससी बायो द्वितीय वर्ष की छात्रा अंकिता गायकवाड़ ने राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में नेतृत्व करते हुए महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में सहभागिता कर लौटने पर शिविरार्थी अंकिता गायकवाड़ का राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक लेदाराम, उमेश, सुमित, गौरव, पंकज, रुद्र, आनंद, संतोष, साधना, रवीना, तनीषा आदि द्वारा रेलवे स्टेशन पर पुष्पमाला पहनाकर बैंड-बाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया। इसके साथ ही प्रभारी प्राचार्य डॉ. राकेश सिंह परस्ते, प्रशासनिक अधिकारी व्ही के विछोतिया, रासेयो कार्यक्र म अधिकारी सुमित शर्मा एवं राजेश गौर ने शिविर से लौटी शिविरार्थी से उसके अनुभव साझा किए तथा प्रशस्ति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर महाविद्यालय के अजय बिलारे, डॉ अशोक पवार, डॉ.रविंद्र सोनपुरे, डॉ.प्रियंका राय, डॉ.परिधि कनौजिया, डॉ.आशा गायकवाड़, मनीष परसाई, रीना मालवीय, राजेश बिल्लौरे, हरि जोशी, सुभाष पस्टारिया सहित महाविद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

### मसनगांव में चैत्र वदी चौदस पर एक दिवसीय जत्रा का आयोजन

**अनोखा तीर, मसनगांव।** ग्राम में होली के पश्चात चैत्र माह में लगने वाली पारंपरिक जत्रा का आयोजन बुधवार को किया जाएगा। खंडेराव तथा मेघनाथ बाबा के नाम से लगने वाली इस एक दिवसीय जत्रा के दिन बाबा के स्थान पर गुलाल आदि चढ़ाकर भूरे कोले की बलि दी जाएगी। ग्राम में यह एक दिवसीय मेला कई वर्षों से आयोजित होता आ रहा है। परंपरा के अनुसार मेले में शकरकंद और कलाकंद की जमकर बिक्री होती है। इस मेले में शामिल होने के लिए ग्रामीण होली के बाद से ही मेले के आयोजन का इंतजार करते हैं। मेले में ग्राम के कई लोग व्यापारी के रूप में अपनी दुकानें लगाते हैं, वहीं बाहर से भी बड़ी संख्या में व्यापारी आकर शामिल होते हैं। हरदा, मांदला, सिराली, चारुवा आदि स्थानों के व्यापारी यहां दुकान लगाकर व्यापार करते हैं। मेले में ग्राम के साथ ही आसपास के पलासनेर,



गांगला, कांकरिया, सालाबेड़ी, पीपलघाटा, ऐडावेडा और रेवापुर सहित कई गांवों के लोग आकर खरीदारी करते हैं। मान्यता है कि पहले जब ग्रामीण क्षेत्रों में हाट-बाजार नहीं लगते थे, तब होली के पश्चात झंडा टूटने की परंपरा का निर्वहन किया जाता था। ग्रामीण क्षेत्रों में मेघनाथ और खंडेराव बाबा के स्थान पर पूजा कर जत्रा लगाकर उत्सव मनाया जाता था। इस परंपरा को ग्रामीण आज भी निभा रहे हैं। हर वर्ष चैत्र वदी चौदस को अमावस्या से एक दिन पहले मेला लगाया जाता है, जिसमें मनिहारी, सब्जी, खेल-खिलौने, कंद, कलाकंद, कचौरी, समोसा, पकौड़ा और मिठाई आदि की दुकानों पर बिक्री होती है। मेला स्थल पर ग्राम पंचायत द्वारा बिजली, पानी सहित अन्य सुविधाएं व्यापारियों को उपलब्ध कराई जाती हैं।

## विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर जागरुकता कार्यक्रमों का हुआ आयोजन





**अनोखा तीर, हरदा।** विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर मंडी कार्यालय परिसर हरदा के सभाकक्ष में रविवार को जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक करना एवं उपभोक्ता संरक्षण से संबंधित जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुश्री सुरेन्द्र कौर अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष, अखिल भारतीय उपभोक्ता कांग्रेस रामबकस सगर तथा जिला अध्यक्ष, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत जौहरी कमल सोनी शामिल हुए। कार्यक्रम में नर्मदा प्रसाद गौर, एल.एन. पाराशर, अशोक पाराशर, जिला आपूर्ति अधिकारी, हरदा वासुदेव भदौरिया, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, हरदा श्रीमती अमृता भट्ट तथा कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, खिरकिया प्रशांत कुशवाह एवं उपभोक्तागण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों एवं अधिकारियों ने उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों, कर्तव्यों एवं उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के संबंध में जानकारी देते हुए जागरूक रहने का संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि जागरूक उपभोक्ता ही अपने अधिकारों की रक्षा कर सकता है तथा समाज में निष्पक्ष और पारदर्शी व्यापार व्यवस्था को बढ़ावा दे सकता है। कार्यक्रम का समापन उपभोक्ता अधिकारी जागरूकता के संदेश के साथ किया गया तथा सभी उपस्थित जनों से अपील की गई कि वे स्वयं जागरूक बनें और अन्य लोगों को भी उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूक करें।

**जाहिर सूचना**

I, hitherto known as POOJA D/o BALKRISHAN GOUR, R/o Ward no 19, Rahatgaon, District Harda, MP 461228, have changed my name and shall hereafter be known as POOJA GOUR.

# कचरा संग्रहण परिसर में लगी आग

**-कांग्रेस ने की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग**



**अनोखा तीर, टिमरनी।** नगर परिषद टिमरनी द्वारा ग्राम सामरधा स्थित कचरा संग्रहण परिसर में हाल ही में लगी आग की घटना को लेकर कांग्रेस ने उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। इस संबंध में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम टिमरनी को कलेक्टर हरदा के नाम एक आवेदन सौंपा। आवेदन में बताया गया कि कचरा संग्रहण स्थल पर लगी आग से आसपास के ग्रामीणों और किसानों को भारी नुकसान का खतरा पैदा हो गया था। यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो आसपास की लाखों रुपये की फसल जलकर नष्ट हो सकती थी। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि नगर परिषद टिमरनी लगातार अनियमितताओं और लापरवाही के कारण विवादों में रही है। कचरा संग्रहण स्थल पर चौकीदार और ठेकेदार के कर्मचारियों की मौजूदगी के बावजूद आग लगना गंभीर सवाल खड़े करता है। कांग्रेस ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और वर्ष 2020 से अब तक ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए नगर परिषद को मिली राशि का हिसाब सार्वजनिक किया जाए। साथ ही आगजनी की घटना में दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष सुभाष जायसवाल, जितेंद्र सोनकिया, शिवम कानोजिया, अजय राजगुरे एवं पिंटू चौहान मौजूद रहे।

# कचरे के टांकों में लगाई जा रही आग से हो सकती है बड़ी दुर्घटना

**अनोखा तीर, मसनगांव।** ग्राम पंचायत द्वारा गांव में बनाए गए कचरे के टांकों में आग लगाए जाने से कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। गर्मी का मौसम होने के बावजूद कचरे का निपटान करने के लिए टांकों में आग लगाई जा रही है, जिससे आसपास के खेतों और घरों में आगजनी की घटना होने की आशंका बनी रहती है। पूर्व में भी सिराली मार्ग तिराहे पर सुलभ कॉम्प्लेक्स के पास बने टांके में आग लगने से बाजू में खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख होने की स्थिति बन गई थी। हालांकि आसपास के लोगों ने आग की लपटें देखकर पानी डालकर आग पर काबू पा लिया था। इसके बावजूद सोमवार सुबह फिर किसी व्यक्ति द्वारा टांके में आग लगा दी गई,




जिससे खेतों में खड़ी नरवाई में आग लगने का खतरा पैदा हो गया। आग का धुआं उठता देख पंचायत कर्मी ने पानी डालकर आग बुझाई। ग्रामीण क्षेत्रों में कचरा निपटान योजना के तहत गांव में टांके तो बना दिए गए हैं, लेकिन उनकी नियमित सफाई नहीं होने से कचरा उचटकर बाहर आ रहा है। कई लोग कचरा फेंकने के दौरान उसमें आग लगा देते हैं, लेकिन इससे होने वाली आगजनी की घटनाओं पर ध्यान नहीं दिया जाता। पंचायत द्वारा इंदिरा आवास योजना, सिराली मार्ग तिराहा, स्कूल के पास, होली चौक और लोहार मोहल्ले में कचरा फेंकने के लिए टांकों का निर्माण कराया गया है, लेकिन कचरे के निष्पादन के लिए पंचायत द्वारा कोई ठोस उपाय नहीं किए जा रहे हैं। इसके कारण कचरे के ढेर नदी के किनारे लगाए जा रहे हैं या उनमें आग लगा दी जाती है। पूर्व में पंचायत द्वारा डोलीघाट के ऊपर कचरा निपटान योजना के तहत कचरा घर का निर्माण किया गया था, जिसमें अलग-अलग कचरा एकत्रित कर खाद बनाने की प्रक्रिया की जानी थी। साथ ही प्लास्टिक की पन्नियों को एकत्रित कर रीसायकल के लिए भेजा जाना था, लेकिन यह योजना कागजों तक ही सीमित रह गई। लाखों रुपये की लागत से बना कचरा घर वर्तमान में अवैध गतिविधियों के काम आ रहा है। वहीं कचरे का ठीक ढंग से निष्पादन नहीं होने के कारण डोलीघाट के किनारे कचरे के ढेर लगाए जा रहे हैं। जबकि घरों से निकलने वाले कचरे से जैविक खाद का निर्माण किया जा सकता है। इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से ठोस पहल की जानी चाहिए, जिससे गांव में निकलने वाले कचरे जैसे सब्जियों के डंठल, आलू, प्याज और लहसुन के छिलकों से जैविक खाद बनाकर खेतों में डाली जा सके।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद्, हरदा जिला-हरदा (म.प्र.)**

Email-cmoharda@mpurban.gov.in
https://nagarpalikaharda.org
Conn. 07577-222238
Toll free No. 18002331353

क्रमांक 1488/जनस्वास्थ्य/2026
हरदा, दिनांक 13/03/2026

प्रारूप-28
(नियम 91 (1) (बी) (ii)
ई-नगर पालिका आमंत्रण सूचना का प्रारूप
मध्यप्रदेश शासन
नगर पालिका का नाम - नगर पालिका परिषद हरदा

एन.आई.टी. संख्या 1411/ई-टेण्डरिंग

निम्नलिखित निर्माण/आपूर्ति/सेवाओं के लिए निविदा मापदंडों को पूरा करने वाले ठेकेदारों/ कंसल्टेंट्स और ख्याति प्राप्त फर्म्स से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित है-

| क्र.सं./पैकेज | निर्माण कार्य/आपूर्तियाँ/सेवाऐं | जिला | संभावित राशि | समापन अवधि (माह) |
|---|---|---|---|---|
| 2026_UAD_490035_1 | नगर पालिका परिषद हरदा में स्वच्छ भारत मिशन 2.0 (शहरी) अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण केन्द्र में मटेरियल रिकवरी फेसिलिटी हेतु विभिन्न प्रकार की मशीनरी क्रय (With Installation & Testing Complete) | हरदा | 70.00 लाख रू. | 01 माह |

1. इच्छुक बोलीदाता www.mptenders.gov.in वेबसाईट पर एनआईटी देख सकता है।
2. निविदा दस्तावेज सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर दिनांक 13.03.2026 समय 10:10 AM से 13.04.2026 समय 5:30 PM बजे तक ऑनलाईन क्रय किये जा सकते है।
3. एनआईटी में संशोधन यदि कोई होता है तो केवल वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा और समाचार पत्र में नहीं।
4. किसी भी स्पष्टीकरण की आवश्यकता हो तो कृपया श्री विवेक दुबे उपयंत्री मोबाईल नं. 9425044254 पर संपर्क करें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद हरदा
अंशुल आलोक गोयल, उपाध्यक्ष, नगर पालिका परिषद हरदा
भारती राजू कमेडिया, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद हरदा

## हेल्प लाईन नंबर

| | |
|---|---|
| सीएम हेल्प लाईन | 181 |
| पुलिस | 112 |
| फायर बिग्रेड | 101 |
| एम्बुलेन्स | 108 |
| चाईल्ड हेल्प लाईन | 1098 |
| किसान कॉल सेंटर | 18001801551 |
| विद्युत शिकायत | 18002331912 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112-100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एम्बुलेन्स सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाईल्ड लाईन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सीएम सहायता लाईन | 1076 |
| क्राईम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता | 1091 |
| पृथ्वी भूकंप | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान कॉल सेंटर | 1098 |
| नागरिक कॉल सेंटर | 155300 |

# तमिलनाडु की राजनीति में शशिकला का जबरदस्त कमबैक

**नीरज कुमार दुबे**

तमिलनाडु की राजनीति में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। दिवंगत जे. जयललिता की करीबी सहयोगी रहीं वीके शशिकला ने नई राजनीतिक पार्टी की घोषणा कर राज्य की चुनावी राजनीति को नया मोड़ दे दिया है। उन्होंने अपनी पार्टी का नाम आल इंडिया पुराची थलैवर मक्कल मुनेत्र कझगम घोषित किया है और उसका चुनाव चिह्न नारियल के पेड़ों का खेत बताया है। आगामी तमिलनाडु विधानसभा चुनाव से पहले यह कदम राज्य की राजनीति में नए समीकरण बना सकता है।शशिकला लंबे समय तक अखिल भारतीय अन्ना द्रविड मुनेत्र कझगम यानी एआईएडीएमके की महत्वपूर्ण नेता रही हैं और जयललिता की सबसे भरोसेमंद सहयोगी मानी जाती थीं। लेकिन बाद में पार्टी नेतृत्व के साथ मतभेद के कारण उन्हें संगठन से निकाल दिया गया। अब नई पार्टी बनाकर उन्होंने एक बार फिर सक्रिय राजनीति में अपनी मजबूत वापसी का संकेत दिया है। शशिकला ने आज संवाददाता सम्मेलन में स्पष्ट किया कि उनकी नई पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव में भाग लेगी। सूत्रों के अनुसार शशिकला की पार्टी लगभग चालीस विधानसभा क्षेत्रों में उम्मीदवार उतारने की तैयारी कर रही हैं। विशेष रूप से दक्षिणी जिलों के थेवर बहुल क्षेत्रों में उनकी रणनीति केंद्रित बताई जा रही है। इन क्षेत्रों में शशिकला की सामाजिक और राजनीतिक पकड़ मानी जाती है। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि यदि शशिकला इन क्षेत्रों में प्रभावी प्रदर्शन करती हैं तो इसका सीधा असर एआईएडीएमके के वोट बैंक पर पड़ सकता है। इससे चुनावी मुकाबला और अधिक त्रिकोणीय या बहुकोणीय हो सकता है। इसी बीच, शशिकला ने पीएमके के संस्थापक एस रामदास से उनके थैलापुरम स्थित फार्महाउस में मुलाकात भी की। दोनों नेताओं के बीच लगभग एक घंटे तक बातचीत हुई। सूत्रों के अनुसार इस बैठक में विधानसभा चुनाव के लिए संभावित गठबंधन पर चर्चा हुई। बताया जा रहा है कि रामदास की स्थिति भी फिलहाल असमंजस में है। द्रविड मुनेत्र कझगम यानी डीएमके ने उनके लिए अपने गठबंधन के दरवाजे लगभग बंद कर दिए हैं। दूसरी ओर एआईएडीएमके उन्हें सीमित सीटें देने की बात कर रही है, लेकिन उनके बेटे अंबुमणि रामदास कम सीटों पर तैयार नहीं हैं। ऐसे में शशिकला के साथ संभावित गठबंधन रामदास के लिए नया राजनीतिक विकल्प बन सकता है। यदि यह गठबंधन आकार लेता है तो उत्तर और दक्षिण तमिलनाडु में एक नया राजनीतिक समीकरण उभर सकता है, जो प्रमुख दलों के लिए चुनौती बन सकता है। नई पार्टी की घोषणा करते समय शशिकला ने जयललिता की जयंती के अवसर पर भावनात्मक और राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण भाषण भी दिया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2016 में जयललिता के निधन के बाद कई मंत्रियों और विधायकों ने उनसे मुख्यमंत्री बनने का अनुरोध किया था। शशिकला ने कहा कि उस समय उन्होंने सत्ता संभालने से इंकार कर दिया था और कहा था कि पहले जयललिता की परंपराओं के अनुसार अंतिम संस्कार और अन्य रस्में पूरी की जाएं।

# शक्ति का रहस्य और नवरात्रि पर्व



**श्रीराम माहेश्वरी**

## नवरात्रि पर्व पर साधना से मिलता है अभीष्ट फल

**भारतीय संस्कृति में नवरात्रि पर्व का विशेष महत्व है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से नवमी तक यह पर्व मनाया जाता है। एक संवत्सर में चार नवरात्र होते हैं। आश्विन का नवरात्र शारदीय नवरात्र तथा चैत्र का नवरात्र वासंतिक नवरात्र कहा जाता है। दो गुप्त नवरात्रि होती है। इस पर्व में मां दुर्गा की आराधना करने का विधान है।  आध्यात्मिक दृष्टि से शक्ति का स्वरूप विशेष दिव्य और उदात्त है। शक्ति ही सृष्टि का सृजन करती है। मां जगत जननी ही सृष्टि का आदि कारण है। यह शक्ति ही पराशक्ति है। इसके अनेक स्वरूप हैं। मां दुर्गा, काली, गायत्री, तारा, भुवनेश्वरी, बगला, षोडशी, धूमावती, त्रिपुरा, कमला, मातंगी तथा पद्मावती इन्हीं के रूप हैं। नवरात्रि के इन दिनों में श्री महालक्ष्मी, श्री मां सरस्वती, महिषासुरमर्दिनी, मां शैलपुत्री, मां ब्रह्मचारिणी, मां चंद्रघंटा, मां कुष्मांडा, मां स्कंदमाता, मां कात्यायनी, मां कालरात्रि, मां महागौरी तथा मां सिद्धिदात्री की पूजा होती है। साधक को पहले दिन स्नान आदि से पवित्र होकर पूजा का स्थान स्वच्छ कर लेना चाहिए। शुभ मुहूर्त में घट स्थापना करना चाहिए। नवरात्र व्रत स्त्री पुरुष दोनों करते हैं। कई श्रद्धालु श्रद्धा अनुसार एक समय फलाहार करके व्रत रखते हैं। कुछ लोग पहले और अष्टमी के दिन व्रत रखते हैं।**

भारत के अलग-अलग राज्यों में स्थानीय मान्यताओं के अनुसार साधक पूजा आराधना कर पर्व मनाते हैं। नवरात्रि पूजा में कुमारी कन्याओं का पूजन प्रत्यक्ष मां दुर्गा का विग्रह माना गया है। अंतिम दिन पूज्य पंडित से हवन कराते हैं। कन्या भोज कराते हैं। इन नौ दिनों में प्रतिदिन मां दुर्गा जी को नैवेद्य अर्पित करते हैं। अंतिम दिन हलवे का प्रसाद माताएं बहने बनाती हैं। माता को अर्पित करती हैं। कन्याओं को वस्त्र दक्षिणा देते हैं। नवरात्रि बीतने पर दसवें दिन विसर्जन करते हैं। श्री रामनवमी के दिन भगवान श्रीराम माता जानकी की पूजा करने का भी विधान है। यह दिन भगवान के प्रकट दिवस के रूप में मनाते हैं। श्री रामायण पाठ घर-घर में होता है। श्रद्धालु यह दिन उत्सव के रूप में मनाते हैं। यह दिन विशेष रूप से भगवान के चरित्र और गुण का स्मरण करने तथा जप करने का है। ऐसा करने से भगवान श्रीराम की कृपा प्राप्त होती है। साधक की मनोकामना पूर्ण होती है।

### शक्ति रहस्य

दुर्गा शक्तिस्वरुपा हैं। प्रकृति के तीन लक्षण हैं। प्र, क्र और ति। प्र का अर्थ प्रकृष्ट और कृति का अर्थ सृष्टि है, जो सृष्टि रचने की सामर्थ्य रखती है, वह प्रकृति है। प्र सत्व अक्षर,




क्र रज तथा ति तम का प्रतीक है। इन तीन गुणों के कारण त्रिदेव सृष्टि की रचना करते हैं। मां भगवती जगत की उत्पत्ति, पालन तथा लय करती है।

उपनिषद में उल्लेख है कि सृष्टि के आरंभ में एक ही देवी थी। उसने ही ब्रह्मांड उत्पन्न किया। यही देवी पराशक्ति है। प्राधानिक रहस्य में लिखा है कि बह्मा विष्णु और महेश अपनी तीनों शक्ति सरस्वती, लक्ष्मी और गौरी की सहायता से इस जगत का निर्माण, पालन और लय करते हैं। देवी भागवत में लिखा है कि बिना शक्ति के आत्मदेव सृष्टि की रचना नहीं कर सकते।

इस कथन से स्पष्ट है की शक्ति ही विश्व का संचालन करती है। पालन और लय करती है। विष्णु पुराण में कहा गया है कि भगवान की स्वरूपा शक्ति ही पराशक्ति है। क्षेत्रज्ञ ( जीव ) नाम की अपराशक्ति है। कर्म नाम की अविद्या - माया तीसरी शक्ति है। गीता में जीव को पराशक्ति और माया को अपराशक्ति बताया गया है। भगवान द्वारा यह जड़ जगत जीव शक्ति की सहायता से ही धारण किया गया है।

### विजय के लिए शक्ति उपासना

भगवान श्री कृष्ण ने महाभारत के समय कुरुक्षेत्र में अर्जुन को उपदेश किया कि विजय के लिए आप शक्ति की उपासना करो। मां दुर्गा की अर्जुन ने उपासना की। उन्हें रण में विजय मिली। महाभारत के भीष्म पर्व में इसका उल्लेख मिलता है।

### शक्ति की उपासना का महत्व

दुर्गा सप्तशती का पाठ नियमित रूप से करने का विशेष महत्व है। पूर्ण श्रद्धा नियम ब्रह्मचर्य निष्ठा से यदि साधक नियमित पाठ करता है तो उसकी साधना अवश्य फलदाई होती है। किसी योग्य गुरु से दुर्गा सप्तशती की विधि पूर्वक दीक्षा लेना चाहिए। यदि ऐसा न हो सके तो किसी गुरु का मार्गदर्शन लेकर पाठ करना चाहिए। एक निश्चित अवधि में एक सहस्त्र पाठ स्वयं करना चाहिए। पाठ उपरांत दशांश होम, दशांश तर्पण, दशांश मार्जन तथा उसका दशांश ब्राह्मण भोजन करना चाहिए। इसके साथ ही नवार्ण मंत्र की दीक्षा और उपदेश ग्रहण करना चाहिए। इस प्रकार विधिपूर्वक अनुष्ठान किया जाए तो साधक को अभीष्ट फल की प्राप्ति हो सकेगी।

### साधना से विचारों में रूपांतरण

देवी साधना नियमित रूप से करने पर साधक के विचारों का रूपांतरण होने लगता है। उसके मन में सत्य, अहिंसा, करुणा, दया तथा सबके प्रति समानता भाव जैसे गुणों का विकास होने लगता है। विनम्रता और सहनशीलता उसका आभूषण बन जाता है। भौतिक सुख सुविधा छोटी और क्षणिक लगते हैं। साधक के मन में संतोष का भाव आ जाता है। उसे एकांत प्रिय लगता है। ऐसा होना साधना की सफलता के लक्षण हैं। इससे स्पष्ट है कि कोई भी कार्य इच्छा, ज्ञान और क्रिया के बिना संपन्न नहीं हो सकता। व्यक्ति अपने आप में कुछ नहीं है। वह स्वयं को करता मानने लगता है। इसका कारण उसका अहंकार ही है, जबकि वह निमित्त मात्र ही है। श्री भगवान की शक्ति ही व्यक्ति को क्रिया, इच्छा और ज्ञान देती है।

मां भगवती की कृपा से ही मनुष्य को सर्व सामर्थ्य मिलती है। साधक सच्चे मन से विधिपूर्वक माता की उपासना करता है तो उसे अवश्य अभीष्ट फल की प्राप्ति हो सकती है। मां का हृदय बहुत कोमल और उदार है। उनकी ममता निश्छल है। साधक को स्वयं को एक पुत्र की भांति साधना पूर्ण निष्ठा और श्रद्धा से करना चाहिए। नियमित साधना उसे शिखर पर पहुंचा सकती है।

**लेखक वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार हैं।**

# मेरा वाला ऐसा नहीं

घर की ना घाट की लव-जिहाद की शिकार बनी स्त्रियाँ,
कुचली जाती है हंसती-खेलती आनंद कोमल कलियां,
अपनों के ही खिलाफ़ बगावत करती नासमझ बेटियां,
प्यार में धोखा खा ये गुमसुम गुमराह आधी टूटी स्त्रियां।
जिनके लिए संजोएं मां-बाप ने जीवन के रंगीन सपनें,
वो प्रेम में पड़ अनदेखा करे कौन पराए कौन है अपने,
आज को धकेल गर्त में छोड़ देती परिवार को तड़पनें,
ज्ञानेंद्रियों को नकार बस प्रेम की माला लगती जपने।

आंखों पर पट्टी बांध वे कहती मेरा वाला ऐसा नहीं,
विपरीत लिंग आकर्षण में गुम हो जाती हैं वे कहीं,
प्यार में अंधे होकर संस्कारों को भुलाना सही नहीं,
ये भी सच हर प्रेमी युगल शाहरुख खान-गौरी नहीं ।

पवित्र प्रेम को वो शारीरिक आर्थिक चमक समझती,
वास्तविकता से परे प्रेमी के प्रेम-जाल में नित रमती,
अपने स्वतंत्र अस्तित्व की बलि देने में देर नहीं लगाती,
स्वयं भविष्य को उजाड़ गलत फैसले की मार सहती।

अंततः शर्मिंदा हो गलतियों पर करें वे इंसाफ की टेर,
मगर समय हाथ से निकल जाता हो जाती है बहुत देर,
बटोरती कुछ दिन वो फिर अखबारों की सुर्खियां घनेर,
पर सच यहीं मासूम सी जिंदगी हो जाती रेत जैसे ढेर।



**मोनिका डागा -आनंद**

# जब देश प्रदेश के मुखिया की लाडली बहना ने पति को पढ़ा दिया अंतरराष्ट्रीय नीति और संवाद का महत्व

**(एक पति ने पत्नि से समझा देश कि आत्मनिर्भरता का  पाठ )**



**सुशील कुमार जैन**
**लेखक एवं स्तंभकार**

सुबह का समय था। आंगन में हल्की धूप उतर रही थी और रसोई से चाय की खुशबू पूरे घर में फैल रही थी। मैं हमेशा की तरह अख़बार लेकर बैठा था। जैसे ही मेरी नजर अंतरराष्ट्रीय समाचार पर पड़ी, माथे पर हल्की चिंता की रेखाएं उभर आईं। खबर में लिखा था कि अमेरिका, इज़राइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव का असर दुनिया भर के तेल और गैस बाजार पर पड़ सकता है।

मैंने अख़बार मोड़ा और रसोई की ओर आवाज लगाई- सुनो ज़रा, इधर आओ। दुनिया के बड़े-बड़े देश आपस में उलझ रहे हैं। अगर यह तनाव बढ़ गया तो तेल-गैस की कीमतें बढ़ेंगी और उसका असर हमारे जैसे साधारण लोगों पर भी पड़ेगा। बताओ , हमें क्या करना चाहिए?

मेरी पत्नी, जिन्हें घर में सब प्यार से लाडली कहते हैं, चाय का कप लेकर आईं और मुस्कुराकर मेरे सामने रख दिया। फिर शांत स्वर में बोलीं-

देखिए, दुनिया की राजनीति भले कितनी भी बड़ी क्यों न हो, उसका असर आखिरकार हमारे घर की रसोई तक आता है। अगर हमें ऐसे संकटों से बचना है, तो देश को ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर बनना होगा।

उनकी यह बात सुनकर मैं थोड़ा चौंक गया। मैंने उत्सुकता से पूछा-

अच्छा! तो तुम्हारे हिसाब से इसके लिए क्या करना चाहिए?

उन्होंने अख़बार की ओर इशारा करते हुए कहा-

सबसे पहले तो हमें एक ही क्षेत्र पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। अभी भारत का बहुत सारा तेल पश्चिम एशिया से आता है। अगर वहां युद्ध या तनाव बढ़ता है, तो संकट खड़ा हो जाता है। इसलिए रूस, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका जैसे क्षेत्रों से भी ऊर्जा समझौते बढ़ाने होंगे।

मैंने सिर हिलाया, लेकिन मन में आश्चर्य भी था। मैंने पूछा- लेकिन क्या सिर्फ तेल के भरोसे रहना ठीक है?

पत्नी तुरंत बोलीं-

नहीं, यही तो सबसे बड़ी गलती है। हमें सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और जलविद्युत जैसी नवीकरणीय ऊर्जा को तेजी से बढ़ाना होगा। हर घर की छत पर सोलर पैनल लग सकते हैं, गांवों में सोलर पंप लगाए जा सकते हैं। इससे तेल पर निर्भरता कम होगी।

मैं उनकी बातों को ध्यान से सुन रहा था और मन ही मन सोच रहा था कि रसोई संभालने वाली यह महिला देश की ऊर्जा नीति पर इतनी गहरी समझ कैसे रखती है।

उन्होंने आगे कहा-

अगर पेट्रोल और डीज़ल की खपत कम करनी है, तो इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना होगा। शहरों में बसें, ऑटो और निजी वाहन धीरे-धीरे बिजली से चलने लगें तो बहुत फर्क पड़ेगा।

मैं मुस्कुराए बिना नहीं रह सका। मैंने कहा-

लगता है आज मेरे घर में ही ऊर्जा मंत्री बैठी हुई हैं।

पत्नी हँस पड़ीं और बोलीं-



अभी तो और भी बातें बाकी हैं।

उन्होंने आगे समझाया-

भारत को अपने समुद्र और जमीन में तेल और गैस की खोज भी बढ़ानी होगी। अगर देश में ही उत्पादन बढ़ेगा, तो आयात पर निर्भरता कम होगी।

मैंने तुरंत पूछा-

लेकिन अगर अचानक संकट आ जाए तो?

उन्होंने बिना देर किए जवाब दिया-

इसीलिए रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार बढ़ाना जरूरी है। कम से कम 90 से 120 दिन की जरूरत का तेल भंडार होना चाहिए, ताकि संकट के समय देश को राहत मिल सके।

अब मैं सचमुच हैरान था।

पत्नी ने आगे कहा-

भविष्य की ऊर्जा ग्रीन हाइड्रोजन भी हो सकती है। अगर उद्योगों और परिवहन में इसका उपयोग बढ़ेगा, तो तेल और गैस की जरूरत काफी कम हो जाएगी।

फिर उन्होंने थोड़े गंभीर स्वर में कहा-

लेकिन सिर्फ सरकार से सब कुछ नहीं होगा। जनता को भी जागरूक होना पड़ेगा। घरों में गैस, बिजली और पेट्रोल की बचत करनी होगी। अगर हर घर थोड़ा-थोड़ा ऊर्जा बचाए, तो देश बहुत बड़ी बचत कर सकता है।

मैंने फिर पूछा-

और गांवों के लिए क्या करना चाहिए?

पत्नी बोलीं-

गांवों को ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर बनाना होगा। बायोगैस प्लांट, सोलर माइक्रो ग्रिड और गोबर गैस जैसे उपाय अपनाने होंगे। इससे एलपीजी पर निर्भरता भी कम होगी।

अब मैं अपनी पत्नी को गर्व से देख रहा था।

कुछ देर बाद मैंने मुस्कुराते हुए पूछा-

सच बताओ, तुम्हें यह सब बातें कहां से पता चलीं? मैं तो रोज़ अख़बार पढ़ता हूँ, लेकिन इतनी गहराई से नहीं सोच पाता।

पत्नी हल्का-सा मुस्कुराईं और बोलीं-

जब भी मुझे समय मिलता है, मैं समाचार पत्र पढ़ती हूँ, टीवी पर खबरें देखती हूँ। मैं ध्यान से देखती रहती हूँ कि हमारे देश के प्रधानमंत्री कहाँ-कहाँ जा रहे हैं, किन-किन देशों से समझौते हो रहे हैं और कौन-कौन से MO समझौता ज्ञापन  साइन हो रहे हैं।

मैंने आश्चर्य से कहा-

अरे ! तुम तो सच में पूरी अंतरराष्ट्रीय राजनीति पर नजर रखती हो।

पत्नी ने मुस्कुराकर जवाब दिया-

मैं ऐसी थोड़ी है...आखिर मैं देश और प्रदेश के मुखिया की लाडली बहना जो हूँ। अगर हम देश के बारे में नहीं सोचेंगे तो कौन सोचेगा?

उनकी यह बात सुनकर मैं कुछ देर के लिए शांत हो गया। मुझे लगा कि कभी-कभी राष्ट्र की बड़ी नीतियों की समझ संसद या मंत्रालयों में ही नहीं, बल्कि एक साधारण घर के आंगन में भी जन्म ले सकती है।

और सच यही है- जब घर की लाडली बहना जागरूक हो जाती है, तो केवल परिवार ही नहीं, बल्कि पूरा राष्ट्र भी भविष्य के संकटों के लिए तैयार हो जाता है।

# मध्यप्रदेश की सुगम संपर्कता परियोजनाः अब सड़क से समृद्धि और शिक्षा की यात्रा

**पवन वर्मा**

मध्यप्रदेश जैसे विशाल और ग्रामीण बाहुल्य राज्य में विकास की असली कसौटी शहरों की चमक नहीं, बल्कि गांवों और मजरे-टोलो की बुनियादी सुविधा और संपर्क व्यवस्था होती है। किसी भी समाज की प्रगति तब सार्थक मानी जाती है जब विकास की धारा अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। सड़क केवल आवागमन का साधन नहीं होती, बल्कि वह अवसरों, संभावनाओं और समृद्धि की राह भी खोलती है। ऐसे समय में जब राज्य सरकार ने सुगम संपर्कता परियोजना की शुरुआत की है, तो इसे ग्रामीण खासकर मजरे-टोलो पर जीवन की वास्तविक जरूरतों को समझते हुए उठाया गया एक महत्वपूर्ण और दूरदर्शी कदम माना जा सकता है।

मध्यप्रदेश के हजारों गांवों और बस्तियों की एक बड़ी समस्या यह रही है कि ये आज भी संपर्क सुविधाओं से पूरी तरह नहीं जुड़ सके हैं। बरसात के मौसम में कच्चे रास्ते कीचड़ में तब्दील हो जाते हैं, आवागमन लगभग ठप पड़ जाता है और शिक्षा, स्वास्थ्य, बाजार तथा प्रशासनिक सेवाओं तक पहुंच बाधित हो जाती है। कई बार यह दूरी केवल भौगोलिक नहीं होती, बल्कि विकास की मुख्यधारा से अलगाव का प्रतीक बन जाती है। यही कारण है कि ग्रामीण संपर्कता को विकास की बुनियादी शर्त माना जाता है।

राज्य सरकार की सुगम संपर्कता परियोजना इसी वास्तविकता को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। इस योजना के तहत 100 से अधिक आबादी वाले मजरा-टोले, दूरस्थ बस्तियों और चिन्हित स्थानों को सड़क सुविधा से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। यह केवल सड़क निर्माण का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि ग्रामीण जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने का एक समग्र प्रयास है। सड़कें बनती हैं तो केवल रास्ते नहीं खुलते, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और सामाजिक अवसरों के नए द्वार भी खुलते हैं।

इस योजना का एक महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि इसका क्रियान्वयन वीबी जीराम-जी (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना) के माध्यम से किया जाएगा। वीबी जीराम जी का मूल उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराना है, लेकिन समय के साथ यह ग्रामीण आधारभूत ढांचे के निर्माण का भी प्रभावी माध्यम बन गया है। जब सड़क जैसे स्थायी विकास कार्य वीबी जीराम जी के माध्यम से किए जाते हैं, तो इससे दोहरा



लाभ मिलता है। एक ओर ग्रामीण मजदूरों को रोजगार मिलता है और दूसरी ओर गांवों को स्थायी विकास सुविधाएं प्राप्त होती हैं।

इस योजना में जनपद पंचायतों को तीन करोड़ रुपए तक की स्वीकृति देने का अधिकार भी एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रशासनिक निर्णय है। सामान्यतः विकास योजनाओं में वित्तीय स्वीकृति के लिए लंबी प्रशासनिक प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन में अनावश्यक देरी होती है। लेकिन जब जनपद पंचायतों को तीन करोड़ रुपए तक की परियोजनाओं को स्वीकृति देने का अधिकार मिलता है, तो स्थानीय स्तर पर निर्णय प्रक्रिया तेज हो जाती है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों की वास्तविक जरूरतों के अनुरूप योजनाएं जल्दी तैयार और लागू की जा सकती हैं। यह व्यवस्था प्रशासनिक विकेंद्रीकरण की उस सोच को भी मजबूत करती है, जिसमें स्थानीय संस्थाओं को अधिक अधिकार और जिम्मेदारी देकर विकास को गति देने का प्रयास किया जाता है। परियोजना में तकनीक का उपयोग भी इसे आधुनिक और पारदर्शी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सड़कों के निर्माण के लिए स्थान चयन और डीपीआर तैयार करने में सिपरी सॉफ्टवेयर और अन्य डिजिटल प्रणालियों का उपयोग किया जाएगा। इससे योजनाओं का चयन अधिक वैज्ञानिक और तथ्य आधारित हो सकेगा। कई बार विकास योजनाओं के चयन को लेकर सवाल उठते रहे हैं, लेकिन यदि तकनीक आधारित प्रणाली अपनाई जाती है तो पारदर्शिता और निष्पक्षता दोनों को मजबूती मिलती है।

इसके साथ ही निर्माण कार्यों की निगरानी के लिए ड्रोन तकनीक का उपयोग करने का निर्णय भी उल्लेखनीय है। आज के समय में प्रशासनिक दक्षता केवल योजनाओं की घोषणा से नहीं, बल्कि उनके क्रियान्वयन की गुणवत्ता से तय होती है। ड्रोन निगरानी से निर्माण कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता पर सतत नजर रखी जा सकेगी। इससे अनियमितताओं को समय रहते रोका जा सकेगा और जवाबदेही भी सुनिश्चित होगी।

हालांकि किसी भी योजना की सफलता उसकी घोषणा से नहीं, बल्कि उसके प्रभावी क्रियान्वयन से तय होती है। मध्यप्रदेश में पहले भी कई सड़क और ग्रामीण विकास योजनाएं लागू की गई हैं, जिनसे सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। लेकिन यह भी सच है कि कई बार निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठते रहे हैं या योजनाएं समय पर पूरी नहीं हो पातीं। इसलिए सुगम संपर्कता परियोजना की सफलता के लिए यह आवश्यक होगा कि प्रशासनिक स्तर पर सख्त निगरानी और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए, इस बात को भी मध्य प्रदेश सरकार ने इस योजना में ध्यान रखा है।

सड़क का महत्व केवल आवागमन तक सीमित नहीं होता। सड़कें गांवों की अर्थव्यवस्था को गति देती हैं। जब किसी गांव तक पक्की सड़क पहुंचती है तो किसान अपनी उपज को आसानी से बाजार तक ले जा सकते हैं, व्यापार बढ़ता है और ग्रामीण क्षेत्रों में निवेश की संभावनाएं भी बढ़ जाती हैं। सड़कें स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच को भी आसान बनाती हैं। आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाने में सड़क की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।

शिक्षा के क्षेत्र में भी सड़क का सीधा प्रभाव पड़ता है। कई ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चे केवल इसलिए नियमित रूप से स्कूल नहीं जा पाते क्योंकि रास्ते कठिन और असुरक्षित होते हैं। ऐसे में यदि विद्यालयों तक सड़क सुविधा सुनिश्चित की जाती है, तो यह शिक्षा के प्रसार में भी सहायक सिद्ध हो सकती है। इस परियोजना में विशेष रूप से सांदीपनि विद्यालयों तक सड़क निर्माण की व्यवस्था इस दिशा में एक सकारात्मक पहल के रूप में देखी जा सकती है। परियोजना का एक महत्वपूर्ण सामाजिक पक्ष भी है। अक्सर छोटे-छोटे मजरे-टोले और दूरस्थ बस्तियां विकास की योजनाओं से पीछे रह जाती हैं।

समग्र रूप से देखा जाए तो सुगम संपर्कता परियोजना केवल एक सड़क निर्माण कार्यक्रम नहीं, बल्कि मजरे-टोलो के विकास की व्यापक सोच का हिस्सा है। यदि इसका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाता है, तो यह हजारों गांवों और बस्तियों के जीवन में वास्तविक परिवर्तन ला सकती है। सड़कें केवल दूरी कम नहीं करतीं, बल्कि अवसरों की खाई को भी पाटती हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में शुरू की गई यह पहल ग्रामीण मध्यप्रदेश को नई गति देने की क्षमता रखती है। यदि प्रशासनिक इच्छाशक्ति, पारदर्शिता और जनभागीदारी के साथ इस परियोजना को आगे बढ़ाया जाता है, तो यह निश्चित रूप से मध्यप्रदेश के ग्रामीण परिदृश्य को बदलने वाली एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो सकती।

## सार-समाचार

### 50वां सिंगिंग कार्यक्रम धूमधाम से हुआ संपन्न

**कलाकारों ने दी शानदार प्रस्तुतियां**




**अनोखा तीर, देवास।** शहर के द फरारा हाउस रिसोर्ट में श्रीहरि डिवाइन ब्लेसिंग फाउंडेशन का 50वां सांस्कृतिक कार्यक्रम बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। संस्था अध्यक्ष बंटी मंगरोलिया एवं डायरेक्ट मुस्कान राठौर ने बताया कि कार्यक्रम में 50 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए शानदार प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के 50वें आयोजन के उपलक्ष्य में भव्य तरीके से केक काटकर जश्न मनाया गया। इस दौरान सभी कलाकारों और उपस्थित अतिथियों ने हर्षोल्लास के साथ इस उपलब्धि का उत्सव मनाया। कार्यक्रम में कलाकारों ने गीत-संगीत और अन्य प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम के अंत में सभी कलाकारों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। ग्रुप अध्यक्ष बंटी मंगरोलिया ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और संगीत प्रेमियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन संगीत के माध्यम से देशभक्ति और सांस्कृतिक भावनाओं को मजबूत करते हैं तथा नए कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित दर्शकों ने कलाकारों की प्रस्तुतियों की सराहना की और पूरे आयोजन का आनंद लिया।

### किसानों का गेहूं के दाम पर हंगामा

**समर्थन मूल्य से कम दाम मिलने से नाराज**

**अनोखा तीर, देवास।** अनाज मंडी में सोमवार को किसानों ने गेहूं के उचित दाम न मिलने और भुगतान व्यवस्था को लेकर हंगामा किया। नाराज किसान कुछ देर के लिए सड़कों पर भी बैठ गए। किसानों का आरोप है कि मंडी में उनके गेहूं की बोली समर्थन मूल्य से काफी कम लगाई जा रही है। किसानों ने बताया कि व्यापारियों द्वारा अच्छी गुणवत्ता वाली उपज भी 2200 रुपए प्रति क्विंटल तक खरीदी जा रही है, जबकि सरकार द्वारा गेहूं का समर्थन मूल्य 2625 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित है। इसके अलावा, कैश और आरटीजीएस के माध्यम से भुगतान को लेकर भी स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा रही थी। इन मुद्दों से नाराज किसानों ने मंडी प्रांगण में अपना गेहूं बेचने से इनकार कर दिया। उनका कहना था कि उनकी उपज सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य पर ही खरीदी जानी चाहिए और भुगतान प्रक्रिया भी पारदर्शी होनी चाहिए। सोमवार को पहली पारी में जब मंडी व्यापारियों ने कम दाम पर बोली शुरू की, तो किसानों ने विरोध करते हुए फसल देने से मना कर दिया और सड़कों पर उतर आए। सूचना मिलने पर तहसीलदार सपना शर्मा मौके पर पहुंचीं और उन्होंने मंडी प्रशासन व किसानों के बीच चर्चा कर स्थिति को शांत कराने का प्रयास किया। सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी अगले माह से शुरू की जाएगी।

### ऑपरेशन पवित्र के तहत, 13 अपराधियो पर अंकुश

**अनोखा तीर, खातेगांव।** पुलिस थाना खातेगांव द्वारा पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गहलोद एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीमति सौम्या जैन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अनुभाग कन्नौद आदित्य तिवारी के निर्देशन में कुल 13 अपराधियो पर अंकुश लगाने हेतु ऑपरेशन पवित्र के तहत धारा 129 बीएनएसएस मे की गई प्रभावी कार्यवाही में 16 मार्च को थाना खातेगांव क्षेत्र के 13 आदतन अपराधियो के विरुद्ध 1,00,000/ रुपए की राशी से 1 वर्ष के लिए फाईनल बाउंड ओवर कराए गए, कुल 13 लाख रुपए की राशि से फाइनल अंतिम बॉउड ओवर कारवाए गए जिनके नाम इस प्रकार है। जाकिर उर्फ सद्दाम पिता इब्राहीम 32 साल निवासी संदलपुर, हरिओम पिता लक्ष्मण लखेरा 45 साल निवासी खातेगांव, हरिओम पिता शिवप्रसाद माली 30 साल निवासी संदलपुर, मोटू उर्फ नरेंद्र पिता रामभरोस 23 साल निवासी संदलपुर, मुकेश पिता सुंदर लाल प्रजापत 40 साल निवासी खातेगांव, अमित उर्फ मोगली पिता भागीरथ प्रजापत 28 साल निवासी खातेगांव, सोनु पिता गंगाविशन माली 26 साल निवासी खातेगांव, संजय उर्फ लाला पिता श्रीकिशन लोंगरे 35 साल निवासी ग्राम कल, नीरज पिता धन्नालाल चौहान 39 साल निवासी खातेगांव, रोहित पिता आनंद मराठा 26 साल निवासी खातेगांव, मुर्तजा पिता शरीफ खां 30 साल निवासी खातेगांव, लोकेश पिता सुंदरलाल राव 20 साल निवासी खातेगांव, सुंदर लाल पिता हजारी लाल 48 साल निवासी ग्राम जियागांव।

### पंचकल्याणक महोत्सव से पूर्व भक्तामर मंडल विधान की पूजा जारी

**अनोखा तीर, खंडवा।** बजरंग चौक स्थित महावीर दिगंबर जैन मंदिर में भगवान मुनिसुब्रत एवं भरत भगवान की प्रतिमा विराजमान करने के लिए 11 से 16 अप्रैल तक मुनि आदित्य सागर महाराज के सानिध्य में



पंचकल्याणक महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव के निर्विघ्न आयोजन के लिए मंदिर में प्रतिदिन भक्तामर मंडल विधान की पूजा की जा रही है। समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि 8 मार्च से प्रारंभ हुआ यह विधान 4 अप्रैल तक प्रतिदिन प्रात: 8 से 9 बजे तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें नगर के श्रद्धालु परिवार बारी-बारी से पूजा कर रहे हैं। शनिवार को अनमोल के विवाह उपलक्ष्य में माला संजय गदिया परिवार द्वारा भक्तामर मंडल विधान की पूजा एवं पाठ भक्ति भाव से किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष दिलीप पहाड़िया, सचिव सुनील जैन, प्रकाश गदिया, सचिन, संजय, अजय गदिया, हिना, दीपेश जैन, बंटी, नीरज बैनाडा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु और मातृशक्ति उपस्थित रही और पूजा-अर्चना में सहभागिता की।

### कैंसर से बचाव के लिए 903 किशोरियों को लगे एचपीवी टीके



**अनोखा तीर, खंडवा।** सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए चलाए जा रहे एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत सोमवार को जिले में 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की 903 किशोरियों को टीके लगाए गए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओपी जुगतावत ने बताया कि जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग के सहयोग से यह अभियान संचालित किया जा रहा है। जिले में अब तक कुल 4682 किशोरियों का टीकाकरण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि यह टीके जिला चिकित्सालय खंडवा, सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और संजीवनी क्लिनिक में लगाए जा रहे हैं। टीकाकरण के लिए यूविन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन की सुविधा भी उपलब्ध है।

# दादाजी महाराज मंदिर निर्माण कार्य का शुभारंभ

**अनोखा तीर, खंडवा।**



दादाजी महाराज के निर्माणाधीन भव्य मंदिर के निर्माण कार्य का शुभारंभ धार्मिक विधि-विधान के साथ किया गया। मंदिर परिसर में पंडित अखिलेश शुक्ला और अवधेश ओझा द्वारा मंत्रोच्चार एवं पूजा-अर्चना कर मंदिर की नींव भरी गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि दादाजी महाराज के भव्य संगमरमर मंदिर निर्माण की चर्चा पिछले लगभग 28 वर्षों से चल रही थी, जो अब साकार होने लगी है। सभी की सहमति और सहयोग से करीब 100 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाला यह मंदिर अब निर्माण की दिशा में आगे बढ़ चुका है। उन्होंने बताया कि मंदिर की नींव भरने का शुभ कार्य चैत्र कृष्ण पक्ष बारस के दिन विधि-विधान से संपन्न कराया गया। सुनील जैन ने कहा कि दादाजी महाराज की प्रेरणा से सभी पक्ष एकजुट होकर मंदिर निर्माण के संकल्प में जुड़े हैं, जिसमें जिला कलेक्टर ऋषव गुप्ता, सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल और अन्य जनप्रतिनिधियों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इस अवसर पर ट्रस्टी और निर्माण समिति के सदस्य धर्मेंद्र बजाज, शांतनु दीक्षित, तपन डोंगरे, मदन भाऊ, सतीश कोटवाले, गणेश कनाडे, रोचक नागोरी, राकेश थापक, सुनील जैन और निर्मल गीते सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे। समिति सदस्यों ने बताया कि संगमरमर से बनने वाला यह मंदिर पूर्ण होने के बाद क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थलों में शामिल होगा। यहां नियमित रूप से पूजा-पाठ, भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मंदिर निर्माण के शुभारंभ को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया और सभी ने दादाजी महाराज से मंदिर शीघ्र पूर्ण होने की प्रार्थना की।

## समय-सीमा बैठक में योजनाओं की समीक्षा, कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश

**अनोखा तीर, खरगोन।**




कलेक्टर श्रीमति भव्या मित्तल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागृह में समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागवार प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध और प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

जनगणना की समीक्षा के दौरान सभी एसडीएम को प्रगणक एवं संबंधित कार्मिकों के आदेश शीघ्र जारी करने और तहसीलदारों को इस सप्ताह के भीतर मकान सूचीकरण का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। गेहूं सत्यापन एवं पंजीयन की समीक्षा में लंबित कार्य शीघ्र पूरा करने तथा खरीदी केंद्र स्थापित करने की प्रक्रिया तेज करने को कहा गया। एचपीवी टीकाकरण में बड़वाह क्षेत्र की कम प्रगति पर नाराजगी जताते हुए जिला शिक्षा अधिकारी, जनपद सीईओ और सीडीपीओ को अगले 15 दिनों का टीकाकरण शेड्यूल और माइक्रो प्लान तैयार करने के निर्देश दिए गए। साथ ही ड्रॉपआउट बालिकाओं को चिन्हित कर टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए कहा गया। बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान, संपूर्णता अभियान 2.0, जल जीवन मिशन, खेत तालाब, अमृत सरोवर सहित जल संरक्षण से जुड़े कार्यों की भी समीक्षा की गई और प्रगति तेज करने के निर्देश दिए गए। राजस्व विभाग के लंबित नामांतरण, सीमांकन और बंटवारा प्रकरणों को 15 दिन में निराकृत करने तथा वसूली बढ़ाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में सीएम हेल्पलाइन, लोक सेवा गारंटी, आवास योजनाएं, लखपति दीदी, मातृ वंदना 2.0 सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को समय-सीमा का पालन सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में अपर कलेक्टर रेखा राठौर, जिला पंचायत सीईओ मिलिंद कुमार नागदेवे, संयुक्त कलेक्टर हेमलता सोलंकी, डिप्टी कलेक्टर प्रताप कुमार अगास्या, आकांक्षा अग्रवाल, लोकेश छापरे, सभी एसडीएम और जिला अधिकारी उपस्थित रहे। अन्य अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़े।




## प्रशिक्षण से ही सक्षम बनता है कार्यकर्ता : सेवादास पटेल

**अनोखा तीर, खंडवा।** कुशाभाउ ठाकरे मंडल द्वारा आयोजित दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का रविवार को समापन हुआ। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि भाजपा की सफलता का आधार समर्पित और प्रशिक्षित कार्यकर्ता होते हैं। प्रशिक्षण का उद्देश्य कार्यकर्ताओं में आत्मविश्वास और निष्ठा का संचार करना है। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि संगठन के निर्देश पर जिले में मंडल स्तर पर प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जा रहे हैं। इन वर्गों से कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति और आगामी कार्यक्रमों की जानकारी मिलती है, जिससे संगठन को नई शक्ति और दिशा मिलती है। समापन सत्र की अध्यक्षता तपन डोंगरे ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में सेवादास पटेल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सक्षम कार्यकर्ता, सशक्त संगठन का संदेश इस प्रशिक्षण का मूल उद्देश्य है। यदि संगठन को मजबूत बनाना है तो कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित और सक्षम बनना होगा। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं का सम्मान मंडल अध्यक्ष प्रदीप यादव एवं अतिथियों द्वारा किया गया। संचालन दीप सिंह झाला ने किया और आभार मंडल महामंत्री मनीष सारसर ने माना। राष्ट्रगीत के साथ प्रशिक्षण वर्ग का समापन हुआ।

दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग के सभी सत्रों के लिए संयुक्त आभार यशदीप चौरे ने व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रदीप यादव, राजेश तिवारी, संजय सिंह राणा, सुनील जैन, कपिल अग्रवाल, हेमंत माहेश्वरी, शक्ति अटवाल, तजेंद्र बाथम, सोनू इंग्हे, ममता बोरसे, पिंकी राठौर, सीमा यादव, अंजली चौहान, अनिता शर्मा, प्राची टुटेजा, रजनी बोराना, जानकी अग्रवाल, मंजू यादव, संध्या पांडेय, सोहन मालवीय, नितिन यादव, रवि यादव, धर्मेंद्र सिंह चौहान, विजय महाजन, भावेश बिल्लौरे, श्रृंगी उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने जल संरक्षण कार्य में किया श्रमदान



**अनोखा तीर, खंडवा।** जिले में भूजल संरक्षण के लिए चलाए जा रहे गांव का पानी गांव में अभियान के तहत सोमवार को छैगांवमाखन विकासखंड के ग्राम देशगांव में कंटूर ट्रेंच खुदाई कार्य का शुभारंभ किया गया। इस दौरान कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने स्वयं श्रमदान कर कार्य की शुरुआत की। कलेक्टर ने उपस्थित ग्रामीणों, अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को जल संग्रहण एवं संरक्षण की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं और गांव का पानी गांव में ही रोकने से भूजल स्तर को बढ़ाने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा, जनपद अध्यक्ष महेंद्र सावनेर, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पंकज डाले सहित विकासखंड की विभिन्न पंचायतों के पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक और सरपंच मौजूद रहे।

## ग्रामीण विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा




**अनोखा तीर, खंडवा।**

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा ने सोमवार को जनपद पंचायत खंडवा के सभाकक्ष में बैठक लेकर ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में जनपद सीईओ, सहायक यंत्री, उपयंत्री, शाखा प्रभारी, पंचायत सचिव और ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित रहे। बैठक में डॉ. गौड़ा ने गांव का पानी गांव में अभियान के तहत तैयार ग्रामवार कार्ययोजना के अनुसार सभी जल संवर्धन कार्य 25 मार्च तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना, जलकर वसूली, संपत्ति कर वसूली, समग्र पंजीयन, ई-केवाईसी, रोजगार गारंटी योजना के तहत श्रमिकों की ई-केवाईसी, विद्युत बिल भुगतान और ग्राम पंचायत परिसंपत्तियों के पंजीयन सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाओं में तेजी लाकर निर्धारित समय में कार्य पूर्ण किए जाएं। डॉ. गौड़ा ने कहा कि 15 दिन बाद पुनः समीक्षा की जाएगी, तब तक कार्यों में स्पष्ट प्रगति दिखाई देनी चाहिए, अन्यथा संबंधितों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क दुर्घटना घायलों को अब कैशलेस उपचार

**अनोखा तीर, खंडवा।** भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा सड़क दुर्घटना पीड़ितों के उपचार के लिए पीएम राहत योजना लागू की गई है। योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को 1.50 लाख रुपए तक का नि:शुल्क कैशलेस उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओपी जुगतावत ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत डेजिग्नेटेड और नॉन डेजिग्नेटेड दोनों श्रेणी के चिकित्सालयों में उपचार की सुविधा मिलेगी। डेजिग्नेटेड श्रेणी में वे अस्पताल शामिल हैं जो आयुष्मान भारत योजना के तहत ऑर्थोपेडिक्स और पॉलीट्रॉमा विशेषज्ञता से जुड़े हैं तथा इस योजना से संबद्ध हैं। वहीं नॉन डेजिग्नेटेड श्रेणी में क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के अंतर्गत पंजीकृत चिकित्सालय स्टेब्लाइजेशन पैकेज के तहत उपचार सेवाएं प्रदान करेंगे। खंडवा जिले में श्रीमाली हॉस्पिटल, एसएनजी हॉस्पिटल, जिनाली आई हॉस्पिटल, सोनी हॉस्पिटल, प्रकाश हॉस्पिटल, गुर्जर हॉस्पिटल, हिंदूजा हॉस्पिटल, जेजे हॉस्पिटल, शुभम हॉस्पिटल, रिचर्ड पेंपुरी हॉस्पिटल, नवोदय हॉस्पिटल, श्री साईं केयर हॉस्पिटल बोरगांव बुजुर्ग, न्यू लाइफ हॉस्पिटल, स्वर्णिम आई केयर एंड चिल्ड्रन हॉस्पिटल, नर्मदा हॉस्पिटल, लाइफलाइन हॉस्पिटल, गार्गी लाइफ केयर हॉस्पिटल सिंगोट, साइंवान हॉस्पिटल, श्री दादाजी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, ईप्सा एंडोस्कोपी एंड लेजर सर्जिकल सेंटर, अत्रीवाल हॉस्पिटल और जैन नर्सिंग होम सहित अन्य अस्पतालों में यह सुविधा उपलब्ध रहेगी।

## अधिवक्ताओं और पैरालीगल वॉलिंटियर्स की कार्यशाला संपन्न

**अनोखा तीर, खंडवा।**



प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती ममता जैन के निर्देशन में जिला न्यायालय परिसर में मीडिएटर अधिवक्ताओं और पैरालीगल वॉलिंटियर्स के लिए मीडिएशन के बुनियादी सिद्धांत एवं पैरालीगल वॉलिंटियर्स के कर्तव्य विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुआ। प्रशिक्षण में सेवानिवृत्त प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार जैन ने रिसोर्स पर्सन के रूप में मीडिएशन के सिद्धांत, प्रक्रिया, निष्पक्षता, गोपनीयता और संवाद कौशल से जुड़े विषयों पर जानकारी दी। यह प्रशिक्षण ऑनलाइन माध्यम से भी आयोजित किया गया, जिसमें रतलाम, उज्जैन, बुरहानपुर, भिंड और कटनी सहित विभिन्न जिलों के मीडिएटर अधिवक्ता और पैरालीगल वॉलिंटियर्स शामिल हुए। लगभग 300 प्रतिभागियों ने कार्यशाला में सहभागिता की। कार्यक्रम के अंत में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव पीयूष भावे ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला विधिक सहायता अधिकारी दिलावर सिंह सहित प्राधिकरण के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अज्ञात आरोपियों की सूचना देने पर 10 हजार का इनाम

**अनोखा तीर, खंडवा।** पुलिस उप महानिरीक्षक मनोज कुमार राय ने सात-आठ अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए आवश्यक सूचना देने वाले को 10 हजार रुपए का इनाम देने की घोषणा की है। जारी उद्घोषणा के अनुसार 11 मार्च को थाना नर्मदानगर क्षेत्र के ग्राम पामाखेड़ी निवासी ललित पिता वासुदेव सोलंकी के घर में हुई आपराधिक घटना के संबंध में इन अज्ञात आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी में सहायक महत्वपूर्ण सूचना देने वाले व्यक्ति को 10 हजार रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी।

### जनसुनवाई आज जिला पंचायत सभाकक्ष में

**अनोखा तीर, खंडवा।** नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई इस बार भी जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में इन दिनों मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण का कार्य चल रहा है। इस कारण मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि वे अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जनसुनवाई के दौरान जिला पंचायत सभाकक्ष में उपस्थित अधिकारियों को प्रस्तुत कर सकते हैं।

### 19 मार्च से शुरू होगा जल गंगा संवर्धन अभियान

**अनोखा तीर, खंडवा।** प्रदेश में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तीसरा जल गंगा संवर्धन अभियान 19 मार्च से प्रारंभ होगा। भारतीय नववर्ष गुढ़ी पड़वा के अवसर पर उज्जैन स्थित शिप्रा नदी तट पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम के साथ इसका शुभारंभ किया जाएगा। यह अभियान 30 जून तक चलेगा। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि जल प्रकृति का अमूल्य उपहार है और इसे बचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि जल संरक्षण के कार्यों से जुड़कर पानी बचाने की दिशा में सक्रिय भागीदारी करें। अभियान के तहत प्रदेशभर में जल स्रोतों के संरक्षण, वर्षा जल संचयन और भूजल पुनर्भरण के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। गांवों में श्रमदान के माध्यम से तालाब, कुएं और बावड़ियों की सफाई की जाएगी तथा जल स्रोतों के संरक्षण के लिए जनजागरण भी किया जाएगा। सरकार का उद्देश्य जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाना है, ताकि भूजल स्तर में सुधार हो, किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिल सके और भविष्य के लिए बेहतर जल प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके।

### घायल को गोल्डन ऑवर में अस्पताल पहुंचाने वाले को 25 हजार का इनाम

**अनोखा तीर, खंडवा।** सड़क दुर्घटनाओं में मृत्युदर कम करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा राह-वीर योजना लागू की गई है। योजना के तहत दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को गोल्डन ऑवर यानी दुर्घटना के एक घंटे के भीतर अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को 25 हजार रुपए की नगद प्रोत्साहन राशि और प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया जाएगा। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि जो भी व्यक्ति मोटरयान दुर्घटना में घायल को समय पर अस्पताल या ट्रामा केयर सेंटर पहुंचाकर उसकी जान बचाने में मदद करेगा, वह इस योजना के लिए पात्र होगा। उन्होंने बताया कि चयनित राह-वीरों में से सबसे योग्य 10 व्यक्तियों को राष्ट्रीय स्तर पर एक-एक लाख रुपए का पुरस्कार भी दिया जाएगा। गोल्डन ऑवर का मतलब दुर्घटना के एक घंटे के भीतर घायल को आवश्यक चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराना है, जिससे उसकी जान बचाई जा सके।

### जिला मूल्यांकन समिति की बैठक आज

**अनोखा तीर, खंडवा।** जिले में अचल संपत्तियों के बाजार मूल्य वर्ष 2026-27 की गाइडलाइन तय करने के लिए जिला मूल्यांकन समिति की बैठक 17 मार्च को शाम 5 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में खंडवा, पंधाना, हरसूद और पुनासा की उप जिला मूल्यांकन समितियों से प्राप्त अचल संपत्तियों की गाइडलाइन संबंधी प्रस्तावों का परीक्षण किया जाएगा तथा उन पर अनंतिम अनुमोदन किया जाएगा।

# नरवाई जलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

**अनोखा तीर, सिवनी मालवा।**



नरवाई प्रबंधन को लेकर प्रशासन सख्त है। संवेदनशील गांवों का दौरा कर किसानों को दी समझाइश दी गई। तहसील क्षेत्र में नरवाई प्रबंधन को लेकर व्यापक कार्ययोजना का प्रभावी क्रियान्वयन शुरू कर दिया गया है। एसडीएम विजय राय ने बताया कि तहसील के प्रत्येक गांव में ग्राम स्तरीय नरवाई प्रबंधन दल का गठन किया गया है, जिसमें कृषि, राजस्व और पंचायत विभाग से जुड़े कर्मचारियों एवं मैदानी अमले की जिम्मेदारियां तय की गई हैं, ताकि फसल अवशेषों के वैज्ञानिक एवं सुरक्षित प्रबंधन को सुनिश्चित किया जा सके। अभियान के तहत ग्राम स्तर पर नरवाई प्रबंधन रजिस्टर संधारित किए जा रहे हैं, वहीं अनुविभागीय स्तर पर विशेष निगरानी दल का गठन भी किया गया है, जो लगातार क्षेत्र में सक्रिय रहकर नरवाई जलाने की घटनाओं पर नजर बनाए हुए है। इसी कड़ी में सोमवार को एसडीएम विजय राय द्वारा तहसील के विभिन्न संवेदनशील गांवों का सघन भ्रमण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम रावनपीपल, भरलाय तथा ग्राम पंचायत तिनस्या अंतर्गत ग्राम बेरखेड़ी में खेतों पर पहुंचकर नरवाई अवशेषों के भूसा मशीन के माध्यम से सुरक्षित प्रबंधन की व्यवस्था का जायजा लिया गया और मौके पर इसकी सुनिश्चितता कराई गई। ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित कर उन्हें नरवाई जलाने से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया। एसडीएम विजय राय ने सख्त संकेत दिए हैं कि यदि किसी कृषक द्वारा शासन के निर्देशों की अवहेलना करते हुए नरवाई अवशेषों का उचित प्रबंधन नहीं किया जाता है अथवा खेत में आग लगाने की घटना सामने आती है, तो संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध पर्यावरण नियमों एवं प्रासंगिक धाराओं के तहत कठोर वैधानिक और दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही ऐसे मामलों में एफआईआर दर्ज किए जाने की कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी।

ग्राम पंचायतों में गठित निगरानी दल तथा राजस्व विभाग के अधिकारी लगातार क्षेत्र में गश्त कर रहे हैं, ताकि आगजनी जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। प्रशासन का कहना है कि इस अभियान का उद्देश्य केवल कार्रवाई करना नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, जन-धन की सुरक्षा, पशुधन की रक्षा और रबी सीजन के दौरान संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम करना है। अनुविभागीय दंडाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान केवल औपचारिकता नहीं है, बल्कि फसल कटाई पूर्ण होने और खेतों से नरवाई अवशेषों के शत-प्रतिशत वैज्ञानिक प्रबंधन तक सतत रूप से जारी रहेगा।

# चैत्र नवरात्रि पर होंगे गणगौर कार्यक्रम



**अनोखा तीर, सिवनी मालवा।**

शिवपुर रोड स्थित खेड़ापति मंदिर समिति द्वारा चैत्र नवरात्रि पर भव्य गणगौर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। 21 मार्च को ठाकुर बाबा गणगौर मंडल, टिमरनी भजन गायक अजय शर्मा, 22 मार्च को गुरु जंभेश्वर गणगौर मंडल, सालावेड़ी बहन लगन बिश्नोई सालाबेड़ी, 23 मार्च को कन्हा गणगौर मंडल, कानपुरा भजन गायक देवेन्द्र सिंगवा, 24 मार्च को वीर तेजाजी गणगौर मंडल, बड़नगर भजन गायक राजीव जाट, 25 मार्च को मित्र मिलन गणगौर मंडल रहटगांव भजन गायिका राखी गुजर भोपाल, 26 मार्च को प्यारी सखी गणगौर मंडल, कोथरा, 27 मार्च को भीलट बाबा गणगौर मंडल सोलगांव भजन गायक राहुल यादव प्रस्तुति देंगे। खेड़ापति समिति सदस्य उत्तम तवर ने बताया कि सुबह 7:30 बजे से गणगौर कार्यक्रम प्रारंभ होंगे।



## सात दिवसीय नर्मदापुराण कथा का समापन

**अनोखा तीर, माखननगर।** वार्ड 3 सिलारी में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय नर्मदापुराण कथा का सोमवार को समापन हुआ। सात दिवसीय कथा में कथावाचक प्रमोदानंद महाराज उमरखेड़ी वालों द्वारा विस्तार से कथा का संगीतमय वाचन किया गया। सोमवार को अंतिम दिन हवन, कन्याभोजन कर भंडारे प्रसादी वितरण किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी बंधु शामिल रहे।

## सार-समाचार

### पेंशनर संघ द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन

**अनोखा तीर, माखननगर।** पेंशनर संघ इकाई माखन नगर द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। सोमवार को बेसिक स्कूल स्थित कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व लायंस क्लब अध्यक्ष दीपक वर्मा द्वारा संघ के प्रत्येक सदस्य एवं पत्रकारगणों का अंग वस्त्र व नारियल देकर सम्मान किया। साथ ही एक दूसरे से पुष्प गुलाल होली खेली गई। इस अवसर पर संघ के सदस्य रामस्वरूप यादव का जन्मदिन होने पर उन्हें संघ द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। आयोजन में दीपक वर्मा, संजय वर्मा सहित संघ के समस्त सदस्यगण उपस्थित रहे।



### श्री माखनलाल प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट आज से

**अनोखा तीर, माखननगर।** नगर में पहली बार आईपीएल की तर्ज पर श्री माखनलाल प्रीमियर लीग 2026 सीजन 1 डे-नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 17 मार्च से किया जा रहा है। जिसमें प्रथम इनाम 1,01,000 रुपए एवं द्वितीय इनाम 51000 रूपये रखा गया है। टूर्नामेंट में पहला मुकाबला केटीएस वारियर एवं ब्लैक पैंथर के बीच आज शाम 5 बजे से होगा। इस लीग में शहर की 8 टीमें हिस्सा लेगी, जो आपस में एक दूसरे से ग्रुप स्टेज के मैच खेलेगी। टॉप चार टीमे प्लेऑफस के लिए क्वालीफाई करेगी। सभी मैच शाम 5 बजे से प्रारंभ होंगे। टूर्नामेंट का फाइनल मैच 25 मार्च को रात 8 बजे से हाईस्कूल ग्राउंड माखननगर में होगा।

### मां कर्मा जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा

**अनोखा तीर, सेमरी हरचंद।** रविवार शाम मां कर्मा जयंती के अवसर पर नगर में साहू समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम की शुरुआत स्टेशन रोड स्थित गायत्री मंदिर से हुई जहां मां कर्मा देवी के पूजन के बाद पुष्प अर्पित किए गए। शोभायात्रा में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। गायत्री मंदिर से शुरू हुई शोभायात्रा स्टेशन रोड, पीपल चौक, मेन रोड, रामलीला चौक होते हुए माधव श्री मंगल भवन पहुंची, जहां यात्रा का समापन हुआ। शोभायात्रा में चल रहे सामाजिक बंधुओं, माताओं-बहनों का स्वागत नगर के सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा शुद्ध पेयजल एवं आईसक्रीम वितरण कर किया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में सामाजिक बंधु, माताएं, बुजुर्ग एवं छोटे-छोटे बच्चे मां कर्मा के जयघोष के साथ डीजे की धुन पर नाचते गाते मंगल भवन पहुंचे। यहां मां कर्मा की पूजन आरती के बाद प्रसादी वितरण के साथ समापन हुआ।



### कान्यकुब्ज ब्राह्मण परिवार ने मनाया होली मिलन समारोह

**अनोखा तीर, इटारसी।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण परिवार द्वारा मिश्रा भवन मालवीयगंज में होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम समाज के अध्यक्ष अनिरुद्ध शुक्ला द्वारा उद्बोधन दिया गया। उसके बाद संयोजक शिवाकांत गुड्डन पांडेय, उपाध्यक्ष कांत तिवारी वरिष्ठ, सचिव कुलभूषण मिश्रा ने समाज के सभी सदस्यों का अभिनंदन किया। महिला संयोजिका श्रीमति इंदिरा तिवारी ने समाज की एकता एवं सहयोग के बारे में जानकारी दी।



# गैस सिलेंडर की कालाबाजारी और सप्लाई संकट को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

## तहसील कार्यालय के पास सिलेंडर के साथ किया विरोध, जांच और आपूर्ति सुधारने की मांग



**अनोखा तीर, बुधनी।**

नगर में एलपीजी गैस सिलेंडर की कथित कालाबाजारी और सप्लाई संकट को लेकर सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तहसील कार्यालय के पास प्रदर्शन कर प्रशासन के खिलाफ विरोध जताया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सोनू राजपूत के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने गैस सिलेंडर लेकर प्रदर्शन किया और प्रशासन का ध्यान इस समस्या की ओर आकर्षित किया। प्रदर्शन के दौरान क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि ईरान-इजराइल के बीच चल रहे युद्ध के कारण घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। इसके चलते होटल संचालकों, चाय दुकानदारों और ठेला व्यवसायियों को गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं, जिससे छोटे व्यवसाय प्रभावित हो रहे हैं और कई लोगों के सामने रोजगार का संकट खड़ा हो गया है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने यह भी बताया कि पिछले करीब एक सप्ताह से घरेलू गैस कनेक्शन के लिए ऑनलाइन बुकिंग भी नहीं हो पा रही है। इससे आम उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने क्षेत्र में गैस सिलेंडर की कालाबाजारी की आशंका जताते हुए प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराने, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और गैस सप्लाई व्यवस्था को जल्द सुधारने की मांग की। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सज्जन सिंह वर्मा की धर्मपत्नी के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि भी दी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता समाप्त करने सौंपा ज्ञापन

**अनोखा तीर, सोहागपुर।** विकासखंड के शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा टीईटी की अनिवार्यता के संबंध में माननीय सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर किये जाने मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी सोहागपुर प्रियंका भलावी को ज्ञापन सौंपा। शिक्षक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के द्वारा निवेदन किया कि 1 सितम्बर 2025 को सर्वोच्च न्यायालय दिल्ली द्वारा दिये गये निर्णय में लेख है कि शिक्षा अधिनियम 2009 के प्रावधान 23 (1) एवं राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षक परिषद द्वारा जारी अधिसूचना सत्र 2011 अनुसार कक्षा 1 से 8 वीं तक प्राथ./माध्य. शिक्षक-शिक्षिकाओं को शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण होने के पश्चात ही शिक्षक के रुप में चयन किया जायेगा। चूंकि मप्र में शिक्षकों की नियुक्ति राज्य सरकार द्वारा शिक्षाकर्मी, संविदा शिक्षक एवं गुरुजी के रुप में समय-समय पर निर्धारित नियमों एवं विधिक प्रावधानों के अनुसार की गई है तथा वर्तमान में राज्य शिक्षा सेवा संवर्ग (भर्ती एवं सेवा की शर्ते) नियम 2018 में वर्णित सभी सेवा शर्तों से की गई है। जिसमें टीईटी परीक्षा को उत्तीर्ण किया जाना कोई सेवा शर्त राज्य शासन स्कूल शिक्षा विभाग आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा उल्लेखित एवं वर्णित नहीं की गई थी। समस्त शिक्षकों ने पिछले लगभग 25-30 वर्षों में पूर्ण निष्ठा समर्पण और ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। अतः शिक्षक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा तहसील सोहागपुर की ओर से मध्यप्रदेश में टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता से प्रभावित लगभग एक लाख पचास हजार शिक्षकों का विन्रम अनुरोध है कि मप्र शासन द्वारा माननीय सर्वोच्च न्यायालय में पुर्नविचार याचिका दायर किये जाने पर विचार किया जाए।

# जीनियस प्लानेट स्कूल का करियर काउंसलिंग सेमिनार आयोजित

**अनोखा तीर, इटारसी।** नगर की एलकेजी कॉलोनी में करियर काउंसलिंग सेमिनार आयोजित हुआ। जिसमें कॉलोनी और शहर के करीबन 300 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस मौके पर इंदौर से उपस्थित डॉक्टर चेतन रायकवार एवं चंचल जैन ने अभिभावक और विद्यार्थियों को जिंदगी संवारने के लिए, आगे की पढ़ाई के लिए और पॉजिटिव सोच के लिए टिप्स दिए। जीनियस प्लानेट स्कूल द्वारा आयोजित इस सेमिनार में एलकेजी कॉलोनी के डायरेक्टर निपुण गोठी, शिक्षाविद दीपक हरिनारायण अग्रवाल, जीनियस प्लानेट स्कूल के डायरेक्टर मोहम्मद जाफ़र सिद्दीकी, श्रीमती मनीता सिद्दीकी एवं स्कूल प्राचार्य श्रीमती ममता छिकारा मौजूद रही। कार्यक्रम की संयोजक श्रीमती निशा चतुर्वेदी ने बताया कि इस सेमिनार की रचना विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के लिए की गई है। सेमिनार को सफल बनाने में मुख्य रूप से सतीश चौधरी, सौरभ दुबे, रंजीत परदेसी, अभिषेक जैन, अरुण पटेल, हिमांशु चतुर्वेदी, राधिका पटेल, पल्लवी अवस्थी, सुमित चंदेरिया, हेमंत महोबिया, संजय बर्डे, बबली ठाकुर, अजय दवे, मयंक जैन की सक्रिय भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन राकेश दुबे ने किया।



# सोहागपुर में एचपीवी वैक्सीन अभियान: एसडीएम ने बैठक में दिए निर्देश

**अनोखा तीर, सोहागपुर।** सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोहागपुर में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुश्री प्रियंका भल्लावी की अध्यक्षता में किशोरी बालिकाओं का टीकाकरण शतप्रतिशत पूर्ण कराने हेतु महिला बाल विभाग से सीडीपीओ सुपरवाइजर, शिक्षा विभाग से शासकीय एवं निजी स्कूलों के प्राचार्य, शिक्षक स्वास्थ्य से आशा एएनएम की एचपीवी वैक्सीन अभियान के लक्ष्य पूर्ति हेतु अंतर्विभागीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीएमओ डॉ. रेखा गौर ने बताया कि एचपीवी वायरस महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा कैंसर) का प्रमुख कारण है। इस बीमारी की रोकथाम के लिए एचपीवी टीका अत्यंत प्रभावी और सुरक्षित है। जिले में महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने के उद्देश्य से सोहागपुर नगर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित एचपीवी टीका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोहागपुर में अवकाश के दिनों को छोड़कर प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से 2 बजे तक लगाए जा रहे हैं। बैठक में एसडीएम सुश्री भल्लावी ने महिला बाल विकास एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे 14 वर्ष आयु पूर्ण तथा 15 वर्ष पूर्ण ना हुई हो ऐसी बालिका हितग्राहियों की सूची बीएमओ को उपलब्ध कराते हुए अभिभावकों से अपनी बेटियों को एचपीवी टीकाकरण करवाने के लिए प्रेरित करें, साथ ही इस अभियान में सक्रिय सहभागिता के लिए बालिकाओं के स्वस्थ भविष्य के लिए बिना किसी डर और भ्रांति के टीकाकरण कराने की अपील की है। बालिका की आयु संबंधी किसी भी दस्तावेज और मोबाइल नंबर साथ लाना अवश्य है। एसडीएम ने बीएमओ को निर्देश दिए कि फील्ड स्तर पर समस्त संस्था प्रभारी, सेक्टर मेडिकल आफीसर, समस्त आरबीएसके मेडिकल आफीसर, सेक्टर सुपरवाईजर, एलएचव्ही, सीएचओ, एएनएम, आशा सुपरवाईजर, आशा कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में जागरूकता अभियान एवं प्रचार-प्रसार करें और अधिक से अधिक 14-15 वर्ष की किशोरी बालिकाओं को नजदीकी स्वास्थ्य संस्था सामु स्वा.केन्द्र सोहागपुर, प्राथ.स्वा.केन्द्र सेमरीहरचंद, शोभापुर में एचपीव्ही वैक्सीनेशन कराना सुनिश्चित करें।



## विद्यार्थियों को ऑनलाइन फ्रॉड, फेक लिंक और ओटीपी स्केम से बचने की दी जानकारी

# गृहविज्ञान महाविद्यालय में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।** शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय नर्मदापुरम में प्राचार्य डॉ. कामिनी जैन के मार्गदर्शन में भारतीय ज्ञान परंपरा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचाव तथा डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था। प्राचार्य डॉ. कामिनी जैन ने कहा कि डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा की जानकारी अत्यंत आवश्यक है। यदि विद्यार्थी जागरूक और सावधान रहेंगे तो वे स्वयं को और समाज को साइबर अपराधों से सुरक्षित रख सकते हैं। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अंश राजपूत ने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में ऑनलाइन फ्रॉड, फेक लिंक, ओटीपी स्कैम और सोशल मीडिया हैकिंग जैसी घटनाएँ तेजी से बढ़ रही हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, अपना ओटीपी, पासवर्ड या बैंक से संबंधित जानकारी किसी के साथ साझा न करें और मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें। साथ ही मोबाइल और सोशल मीडिया अकाउंट में टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन का उपयोग करने तथा संदिग्ध कॉल या मैसेज से सतर्क रहने की भी सलाह दी। कार्यक्रम में संयोजक डॉ. आरके चौकीकर एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. संगीता अहिरवार सहित समिति के सदस्य डॉ. दुर्गेश तेली, डॉ. चंद्रशेखर राज, डॉ. कंचन ठाकुर, डॉ. श्रुति गोखले, डॉ. रागिनी सिकरवार तथा डॉ.नारायण उपरेलिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पूजा गोस्वामी द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. चंद्रशेखर राज ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्राएँ उपस्थित रही।





# जिला स्तरीय बीज सखी उन्मुखीकरण कार्यशाला संपन्न

## सीईओ जिला पंचायत ने दिए धरातल पर काम करने के निर्देश

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।** मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला पंचायत नर्मदापुरम अंतर्गत स्थानीय जैव विविधता और देशी बीजों के संरक्षण के लिए सोमवार को जिला स्तरीय 'परंपरागत बीज संरक्षण एवं बीज सखी उन्मुखीकरण कार्यशाला' का आयोजन किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए सीईओ जिला पंचायत ने सभी बीज सखियों को उनके नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रशिक्षण में सीखे गए कार्यों को केवल कागजों तक सीमित न रखें, बल्कि पूरी गंभीरता के साथ जमीनी स्तर पर उतारे। प्रशिक्षण जिला प्रबंधक कृषि आदित्य शर्मा और मास्टर ट्रेनर कृषि सखी, सरिता दामले द्वारा दिया गया। कृषि विभाग एवं स्वयंसेवी संगठनों के विशेषज्ञों ने भी बीज बैंक स्थापना और बीजों के संरक्षण पर अपना मार्गदर्शन दिया। जिला परियोजना प्रबंधक आशीष शर्मा ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला पंचायत नर्मदापुरम अंतर्गत बीज सखियां गांवों में स्थानीय बीज बैंक स्थापित कर संकर बीजों पर किसानों की निर्भरता कम करने का महत्वपूर्ण कार्य करेगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के सभी विकासखंडों से चयनित बीज सखियों और मिशन स्टाफ ने हिस्सा लिया।

# दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के तहत दो दिवसीय मंडल प्रशिक्षण वर्ग प्रारंभ

**अनोखा तीर, सोहागपुर।** भारतीय जनता पार्टी मप्र के निर्देशानुसार प्रदेश भर में संचालित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के अंतर्गत सोहागपुर मंडल का दो दिवसीय मंडल प्रशिक्षण वर्ग विधायक निवास सोहागपुर में प्रारंभ किया गया। प्रशिक्षण वर्ग में मंडल स्तर के बूथों से आए कार्यकर्ताओं ने सहभागिता कर संगठनात्मक विषयों पर प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत कार्यकर्ताओं के एकत्रीकरण, पंजीयन एवं चाय के साथ हुई। इसके पश्चात आयोजित उद्घाटन सत्र में दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तथा संपूर्ण वंदे मातरम के साथ राष्ट्रभक्ति का वातावरण निर्मित हुआ। प्रशिक्षण वर्ग के विभिन्न सत्रों में विषय विशेषज्ञों ने कार्यकर्ताओं को पार्टी के इतिहास, विचारधारा, संगठनात्मक कार्यप्रणाली और संगठन विस्तार से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया। प्रथम सत्र में विषय वक्ता संतोष पारीक ने कहा कि पार्टी ने राष्ट्रवाद और सेवा के सिद्धांतों के आधार पर समाज के हर वर्ग के विकास के लिए कार्य किया है। द्वितीय सत्र में जयकिशोर चौधरी ने वैचारिक अधिष्ठान विषय पर जानकारी देते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के सिद्धांतों को समझाया और कहा कि भाजपा की विचारधारा अंत्योदय के संकल्प पर आधारित है, जिसमें समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का लक्ष्य निहित है। तृतीय सत्र में दिनेश तिवारी ने कार्य पद्धति एवं कार्यकर्ता संभाल विषय पर मार्गदर्शन देते हुए संगठन की कार्यशैली, अनुशासन और बूथ स्तर पर सक्रियता के महत्व पर प्रकाश डाला। चतुर्थ सत्र में पूर्व जिला अध्यक्ष माधवदास अग्रवाल ने कार्य विस्तार विषय पर अपने विचार रखते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा गांव-गांव तक पार्टी की विचारधारा पहुंचाने का आह्वान किया। प्रशिक्षण वर्ग का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक रूप से सशक्त बनाना, पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा से जोड़ना तथा आगामी संगठनात्मक गतिविधियों के लिए उन्हें तैयार करना बताया गया।



योजनाओं का जमीन पर प्रभावी क्रियांवयन ही सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : केंद्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान

# केंद्रीय कृषि मंत्री ने जनपद पंचायत के भवन निर्माण का किया भूमि पूजन

**अनोखा तीर, खातेगांव।**

क्षेत्रीय सांसद केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 15 मार्च को खातेगांव नगर में विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत की। इस दौरान खातेगांव जनपद पंचायत के भवन निर्माण का भूमिपूजन भी किया। इस अवसर पर विधायक आशीष शर्मा, जनपद अध्यक्ष सरिता धनवारे, उपाध्यक्ष मनीष पटेल भी उपस्थित थे। जनपद पंचायत खातेगांव के भवन निर्माण को 2025-26 में स्वीकृति मिली है। जनपद पंचायत खातेगांव के नवीन भवन निर्माण कार्य 525.67 लाख रुपए की लागत से होगा। श्री चौहान की अध्यक्षता में कृषि उपज मंडी खातेगांव में दिशा समिति की बैठक आयोजित हुई। दिशा बैठक में श्री चौहान ने संसदीय क्षेत्र विदिशा अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र खातेगांव के विकास कार्यों एवं केंद्रीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में खातेगांव विधायक आशीष शर्मा, जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, भैरूलाल अटारिया सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं प्रशासनिक अधिकारियों में कलेक्टर ऋतुराज सिंह, एसपी पुनीत गेहलोद, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती ज्योति शर्मा, डीएफओ अमित सिंह, अपर कलेक्टर संजीव जैन सहित अन्य जिला अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में श्री चौहान ने प्रधानमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण (वीबी-जी रामजी),





स्वच्छ भारत मिशन एसबीएम ग्रामीण 1.0 और 2.0, एनएचआई, जल जीवन मिशन, जल संसाधन, उर्जा, नगरीय प्रशासन, पशु पालन, लोक निमार्ण विभाग, महिला बाल विकास, स्वास्थ्य, कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं और पूर्व में सासंद निधि से स्वीकृत कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओं का लाभ पाने से वंचित न रहे। अधिकारी पूरी संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ विभागीय योजनाओं का क्रियान्वयन और संचालन करें, ताकि आमजन तक उनका लाभ पहुंचाया जा सके। बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा संज्ञान में लाये गए मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारियों द्वारा विभागीय प्रगति की विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान कहा कि सरकार का उद्देश्य हर गरीब व्यक्ति को स्वयं का पक्का आवास उपलब्ध कराना है। इसके लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है। आवास योजना के लाभ से कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रहे इस बात का विशेष ध्यान रखे। जिन व्यक्तियों के नाम छूट गए हैं, उनका पुनः सत्यापन कर लिया जाए। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि इस योजना का अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को लाभ दिया जाए, ताकि वे अपने स्वरोजगार को बढ़ाकर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। उन्होंने सराहना करते हुए कहा कि इस योजना का क्रियान्यवन बहुत ही अच्छे ढंग से किया गया है। जिसके लिए मैं बधाई देता हूं। केंद्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान ने देवास जिले में नवाचार कर बनाई गई देवास बाल वाटिका की भी सराहना की। इस दौरान बताया गया कि जिले में पंचायत स्तर पर जनप्रतिनिधि एवं नागरिकों के सहयोग से बाल वाटिका का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें बच्चों एवं बुजुर्गों के लिए खेलने कूदने एवं टहलने के लिए सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। केंद्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान ने जल संसाधन एवं जल निगम की परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान कहा कि जिन योजनाओं का कार्य प्रगति पर है, उन्हें जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए, ताकि नागरिकों को इन योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए यह भी कहा कि ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों में नागरिकों को पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। पंचायतों में संचालित पेयजल योजनाओं में उत्पन्न गतिरोध को संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर दूर किया जाए और योजनाओं का सुचारू संचालन किया जाए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के दौरान यदि सड़क या पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होती है तो उसकी तुरंत मरम्मत भी की जाए। श्री चौहान ने कहा कि योजनाओं का जमीन पर प्रभावी क्रियान्वयन ही सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनप्रतिनिधि और अधिकारी समन्वय के साथ मिलकर काम करेंगे तो योजनाओं का क्रियान्वयन और संचालन प्रभावी एवं पारदर्शी ढंग से होगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि विभागीय गतिविधियों की जानकारी समय-समय पर जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराएं, ताकि आमजन का फीडबैक भी जनप्रतिनिधियों के माध्यम से प्राप्त हो सके और कार्यों का बेहतर ढंग से संपादन किया जा सके। बैठक में उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वन क्षेत्रों में जो भी विकास कार्य प्रस्तावित हैं, उन्हें शीघ्र पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि वन विभाग आजीवीका मूलक कार्यों पर विशेष ध्यान दें। बैठक में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की प्रगति की समीक्षा के दौरान बताया गया कि खातेगांव विधानसभा क्षेत्र में अब तक 2186 स्वयं सहायता समूह गठित किए गए हैं, जिनमें 27 हजार 638 परिवार जुड़े हुए हैं। बैंक लिंकेज के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों को वित्तीय सहायता भी उपलब्ध कराई जा रही है।उन्होंने कहा कि स्वसहायता समूहों को स्वरोजगार से जोड़कर उनकी आय बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएं। महिला सशक्तिकरण को और मजबूत बनाने के लिए समूह से महिलाएं चिन्हित कर उन्हें उद्यमी बनाया जाए।

तीसरे दिवस रामकथा में मर्यादा, कर्तव्य और मानव जीवन पर हुआ चिंतन

# रामकथा के साथ सोपान जीवन के मौलिक अधिकार : पं. चतुर्वेदी

**अनोखा तीर, देवास।**

मानव जीवन के उत्थान के लिए रामकथा एक सोपान के समान है, जो व्यक्ति को धर्म, मर्यादा और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि मानव जीवन के मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों का आदर्श भी प्रस्तुत करता है। आयोजक सुरेश चंद्र व्यास ने बताया कि महाराज ने कथा में भगवान शंकर व पार्वती जी के विवाह का सारगर्भित शब्दों में वर्णन भी किया। व्यासपीठ की आरती रामेश्वर जलोदिया, प्रदीप लाठी, आजीवन अधिमान्य पत्रकार रमेश दीक्षित, श्रवणकुमार कानूनगो, ओपी पाराशर, गंगासिंह सोलंकी, पुरोहित जी खातेगांव, राजेन्द्र पितलिया



रतलाम, अजय सिंह परिहार, राकेश दीक्षित, जगदीश व्यास, सुरेश व्यास, मुन्ना जायसवाल, मीना ठाकुर, अलका शर्मा, संगीता मालवीय, महेश व्यास, जगदीश व्यास सुरेश व्यास, सहित अन्य भक्तों ने श्रद्धा के साथ की। महाराज श्री ने आगे कहा कि जब-जब समाज में अन्याय, असत्य और अधर्म बढ़ता है, तब रामकथा मनुष्य को सत्य, न्याय और करुणा का मार्ग दिखाती है।

श्रीराम के जीवन प्रसंगों के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि प्रत्येक व्यक्ति को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार है और समाज का दायित्व है कि वह इन अधिकारों की रक्षा करे। कथा व्यास ने कहा कि रामकथा जीवन के सोपानों को समझने का माध्यम है, जिसमें भक्ति, सेवा, त्याग और प्रेम जैसे गुणों का महत्व बताया गया है। इन मूल्यों को अपनाकर व्यक्ति अपने जीवन को सफल और सार्थक बना सकता है। श्री व्यास ने बताया कि यह पावन कथा 22 मार्च तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5.30 बजे तक चलेगी।

## भगवान परशुराम जी की शौर्य यात्रा को लेकर बैठक आज

**अनोखा तीर, देवास।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ सर्व ब्राह्मण समाज की एक अति आवश्यक बैठक समाज अध्यक्ष दिनेश मिश्रा की अध्यक्षता में 17 मार्च को राजराजेश्वर भगवान परशुराम जी की शौर्य यात्रा को लेकर स्थानीय गुजराती गार्डन भोलेनाथ रोड देवास पर शाम 5.30 बजे रखी जाएगी। युवा संघ के जिला अध्यक्ष छोटू पांडे ने बताया कि भगवान परशुराम जी की शौर्य यात्रा की तैयारी महासंघ के समस्त पदाधिकारी युवा संघ महिला संघ उप वर्ग के समस्त अध्यक्ष गण एवं समस्त ब्राह्मण बंधुओ की उपस्थिति में विचार विमर्श कर निर्णय लिया जाएगा। अतः समस्त ब्राह्मण बंधुओ से निवेदन है कि बैठक में सम्मिलित होकर अपने विचार एवं सुझाव प्रदान करें जिससे शौर्य यात्रा में भव्यता प्रदान की जा सके साथ ही कोषाध्यक्ष सतीश दुबे द्वारा वार्षिक आय व्यय का विवरण प्रस्तुत किया जाएगा। उक्त जानकारी युवा संघ के नगर अध्यक्ष विमल शर्मा ने दी।

# श्रीराम जन्मोत्सव पर भव्य निकलेगी ऐतिहासिक हिंदू एकता शोभायात्रा

श्रीराम और हनुमान की दिव्य प्रतिमाएं होंगी आकर्षण का केंद्र

अनोखा तीर, बैतूल। सनातन धर्म के प्रमुख पर्व श्रीराम जन्मोत्सव को लेकर शहर में तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। राष्ट्रीय हिन्दू सेना द्वारा 26 मार्च को गेंदा चौक से भव्य हिंदू एकता शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसका समापन नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए लल्ली चौक कोठी बाजार में होगा। नगर के गणमान्य नागरिक, समाजसेवी और व्यापारी इस शोभायात्रा को ऐतिहासिक और भव्य बनाने के लिए सक्रिय रूप से लोगों से सहभागिता की अपील कर रहे हैं। राष्ट्रीय हिन्दू सेना के जिला मीडिया प्रभारी अंश अग्रवाल ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीराम जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित शोभायात्रा को भव्यता प्रदान करने के लिए संगठन के पदाधिकारी बैतूल नगर के समाजसेवी बंधुओं, व्यापारी वर्ग और गणमान्य नागरिकों को भगवा वस्त्र भेंट कर आमंत्रित कर रहे हैं तथा पूरे नगर को भगवा रंग से सजाने का संकल्प लिया गया है। जिला युवा मंत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि 26 मार्च को श्रीराम जन्मोत्सव के दिन राष्ट्रीय हिन्दू सेना द्वारा गेंदा चौक से प्रभु श्रीराम की भव्य आरती के साथ ऐतिहासिक हिंदू एकता शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए लल्ली चौक कोठी बाजार में समाप्त होगी।

**शोभायात्रा को भव्य और आकर्षक बनाने का आह्वान** – युवा नगर सह संयोजक प्रिंस साहू ने बताया कि बैतूल नगर के भाजपा नेता दीपक दीपू सलूजा, आनंद प्रजापति, व्यापारी संघ अध्यक्ष मनोज भार्गव, योग वेदांत संघ अध्यक्ष राजेश मदान, समाजसेवी नितिन देशमुख,



गोलू उघड़े, वैभव डैनी राठौर, राजू गुगनानी, धीरज धिरू हिराणी, अंशुमन बझले, नवनीत श्रीवास, अरुण जयसिंगपुरे, जयस संगठन के संदीप धुर्वे, अजय शर्मा, उमाकांत मालवीय, प्रदीप छोटा वर्मा, अजय गंगारे, राखी मोबाइल से संदीप सहित अनेक गणमान्य नागरिकों और व्यापारी बंधुओं ने वीडियो के माध्यम से हिंदू समाज से अपील करते हुए श्रीराम जन्मोत्सव शोभायात्रा को भव्य और आकर्षक बनाने का आह्वान किया है। नगर युवा उपाध्यक्ष विदित मालवी ने बताया कि शोभायात्रा में प्रभु श्रीराम की दिव्य प्रतिमा, हनुमान जी की दिव्य प्रतिमा, श्री हनुमान जी की झांकी, बाहुबली हनुमान जी की वानर सेना, बजरंग व्यायामशाला द्वारा अखाड़ा प्रदर्शन तथा आदिवासी नृत्य और संगीत आकर्षण का केंद्र होंगे। पूरे आयोजन को भव्य बनाने के लिए नगर में व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं और हिंदू समाज से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की जा रही है।

## सार-समाचार

# अवैध मादक पदार्थों के तस्कर गिरफ्तार

**अनोखा तीर, देवास।**

पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से लगभग 10 लाख रुपए का सामान जब्त किया, जिसमें 65 ग्राम एमडी ड्रग्स भी शामिल है। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोत ने बताया कि प्रदेश स्तर पर अवैध मादक तस्करों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। देवास पुलिस की टीम ऐसे संगठित गिरोहों पर नजर रख रही थी, जो विशेष रूप से युवा पीढ़ी को नशे की लत में धकेलते हैं। एसपी गेहलोत के अनुसार,



एक विशेष योजना के तहत 12 घंटे के भीतर चार अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दबिश दी गई। जिसमे बैंक नोट प्रेस, पीपलरावां, कोतवाली और औद्योगिक क्षेत्र थानों की पुलिस ने यह कार्रवाई की, जिसमें कुल 14 आरोपी पकड़े गए। उनके पास से लगभग 65 ग्राम एमडी ड्रग्स, एक सिल्वर रंग की इग्निस कार, एक रॉयल एनफील्ड बुलेट मोटरसाइकिल और 14 मोबाइल फोन जब्त किए गए। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में से 5 से 6 के खिलाफ पहले से ही आपराधिक मामले दर्ज हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित थानों में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ में लगी है कि यह एमडी ड्रग्स वह कहां से लेकर देवास पहुंचते थे और कहा खपाते थे।

पंचायत के निर्माण कार्यों को लेकर आवेदक ने जनपद पर लगाए गंभीर आरोप

# बारिश में बह गया अर्धन डेम, रिकॉर्ड में बताया कार्य पूर्ण

**अनोखा तीर, बैतूल।**

जनपद पंचायत आठनेर में ग्राम पंचायत आष्टी के निर्माण कार्यों को लेकर भ्रष्टाचार के आरोप सामने आए हैं। आवेदक विशाल भालेकर ने जनपद पंचायत आठनेर की मुख्य कार्यपालन अधिकारी को लिखित आवेदन देकर जांच की मांग की है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि मनरेगा के तहत एक ही परिवार के सदस्यों को अलग-अलग योजनाओं का लाभ दिया गया और जांच प्रक्रिया भी पारदर्शी तरीके से नहीं की गई। आवेदन में बताया गया है कि शिकायतकर्ता को सूचना दिए बिना ही 25 जुलाई 2025 को जांच दल ग्राम पंचायत आष्टी पहुंच गया और जांच की प्रक्रिया पूरी कर ली गई। शिकायत में यह भी आरोप है कि मनरेगा योजना के तहत लगभग पांच लाख रुपए की लागत से सुरेश के खेत के पास बनाया गया अर्धन डेम पहली ही बारिश में फूटकर बह गया, लेकिन जांच अधिकारियों ने कागजों में इस कार्य को पूर्ण दर्शा दिया। इसी तरह नागोराव के खेत के पास लगभग 5.10 लाख रुपए की लागत से बनाए गए अर्धन डेम की स्थिति भी सवालों के घेरे में है। शिकायत के अनुसार मौके पर अर्धन तालाब का कोई स्पष्ट अस्तित्व दिखाई नहीं देता और वहां खेती की जा रही है, इसके बावजूद रिकॉर्ड में निर्माण कार्य पूर्ण बताया गया है। मामले में जांच अधिकारी सहायक यंत्री नितेश पानकर, उपयंत्री ठाकुर और अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी भरत सिंह की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े किए गए हैं। आरोप है कि इन अधिकारियों की मिलीभगत से ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव को बचाने का प्रयास किया गया। शिकायत में यह भी कहा गया है कि जनपद पंचायत आठनेर की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अपने अधीनस्थ अधिकारियों, पंचायत सचिव और रोजगार सहायक को संरक्षण दे रही हैं। शिकायतकर्ता का कहना है कि यदि सरकारी योजनाओं में खर्च हुई राशि का काम जमीन पर दिखाई नहीं देता और जांच केवल कागजों तक सीमित रहती है तो यह व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस मामले में निष्पक्ष जांच कर वास्तविक स्थिति सामने लाता है या मामला फाइलों तक ही सीमित रह जाता है।



## मप्र बिजली कर्मचारी महासंघ आंदोलन की चेतावनी

**अनोखा तीर, देवास।** पश्चिम क्षेत्र बिजली कर्मचारी महासंघ के महामंत्री भगवान स्वरूप श्रीवास्तव द्वारा अवगत करवाया गया कि आज ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के नाम महासंघ द्वारा मध्य प्रदेश के विद्युत कर्मियों की समस्याओं का निराकरण न होने के कारण प्रदेश स्तरीय आंदोलन की सूचना वृत्त देवास के कार्यपालन यंत्री गौरव संतोषी को दी गई। बिजली कर्मियों की लंबित मांगों का निराकरण न होने पर महासंघ द्वारा प्रदेश व्यापी आंदोलन का बिगुल फूंक दिया गया है। महासंघ के प्रदेश महामंत्री सुशील कुमार पांडेय द्वारा ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर को इस संबंध में एक औपचारिक सूचना पत्र भेजा गया है। महासंघ का आरोप है कि विभिन्न स्तरों पर बार-बार चर्चा और ज्ञापनों के बावजूद कर्मचारियों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। महासंघ द्वारा पूर्व में संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण, अनुकंपा नियुक्तियों में विसंगति के अतिरिक्त अन्य मांगे रखी गई थी। महासंघ ने स्पष्ट किया है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र विचार नहीं किया गया, तो प्रदेश के प्रत्येक जिले से कर्मचारी इस आंदोलन में शामिल होंगे।




# अखिल भारतीय कोरकू आदिवासी निबंध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



## • प्रतिभागियों ने कोरकू भाषा, संस्कृति और शिक्षा पर लिखे निबंध

**अनोखा तीर, बैतूल।** अखिल भारतीय कोरकू आदिवासी निबंध प्रतियोगिता वर्ष 2026 का आयोजन रविवार 15 मार्च को मेडिटेक करियर इंस्टीट्यूट बैतूल में किया गया, जिसमें दूरस्थ अंचलों से आए प्रतिभागियों ने कोरकू समाज से जुड़े प्रमुख विषयों पर निबंध लेखन किया। प्रतियोगिता का संचालन सुबह 10 बजे केंद्राध्यक्ष कालूराम दरश्यामकर, उपाध्यक्ष भोलाशंकर लावस्कर, पर्यवेक्षक राजमल दरश्यामकर, परीक्षा नियंत्रक सुनील कुमार काजले तथा सहायक रूपलाल कांडरा की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संपूर्ण नियंत्रण एवं मार्गदर्शन जिलाध्यक्ष कोरकू समाज जिला बैतूल जनकलाल मवासे, पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रभाकर धाडसे, फिजिकल एकेडमी संचालक बैतूल करण चढ़ोकार तथा अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद नर्मदापुरम संभाग के अध्यक्ष योगेश धुर्वे की उपस्थिति में किया गया। निबंध प्रतियोगिता के लिए तीन प्रमुख विषय निर्धारित किए गए थे, जिनमें तकनीकी युग में कोरकू बोली का अस्तित्व एवं उसके सामने चुनौतियाँ, कोरकू आदिवासी जीवन दर्शन तथा मानव सभ्यता की सबसे बड़ी पूंजी शिक्षा है शामिल रहे।

प्रतिभागियों को इन तीन विषयों में से किसी दो विषयों पर निबंध लेखन करना था, जिसमें दूरस्थ अंचलों से आए परीक्षार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन मेडिटेक करियर इंस्टीट्यूट बैतूल के संचालक राजा धुर्वे और ईश्वर धुर्वे के पूर्ण सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कुनबी समाज के पूर्व जिला अध्यक्ष समाजसेवी दिनेश मस्की भी उपस्थित रहे।

**स्वामी,** प्रकाशक एवं मुद्रक प्रहलाद शर्मा द्वारा श्री सिद्धीविनायक प्रिंटर्स, देशबंधु परिसर, प्लॉट नं.26-बी, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी.नगर, भोपाल,म.प्र. से मुद्रित अनोखा तीर कार्यालय नया बस स्टैंड के सामने, हरदा, म.प्र. से प्रकाशित। **प्रधान संपादक** सुरेश लोहाना / **संपादक** प्रहलाद शर्मा / **प्रबंध संपादक** महेश कौशिक। फोन : 07577-226771 मो.9425045480, समाचार चयन के लिए पी.आर. बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। **सभी विवादों का न्याय क्षेत्र हरदा रहेगा।**

# 37 करोड़ की परियोजना को मिली मंजूरी

**● आजादी के बाद 94 गांवों को पहली बार मिलेगी थ्री-फेज बिजली**

**अनोखा तीर, हरदा।**

हरदा जिले की टिमरनी विधानसभा क्षेत्र के 94 गांवों को आजादी के बाद पहली बार थ्री-फेज बिजली मिलेगी। इस परियोजना के लिए 37 करोड़ रुपए की लागत को मंजूरी मिली है। टिमरनी विधायक अभिजीत शाह ने सोमवार को हरदा में एक प्रेसवार्ता में दावा किया कि यह स्वीकृति उनके प्रयासों से मिली है। इस परियोजना के तहत घरेलू और कृषि क्षेत्रों के लिए अलग-अलग बिजली आपूर्ति की जाएगी, जिसे फीडर सेग्रीगेशन कहा जाता है।

विधायक शाह ने बताया कि यह कार्य दो साल में पूरा हो जाएगा। इसमें लगभग 217 किलोमीटर नई लाइनें बिछाई जाएंगी और 40 से 60 नए ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे, जिससे इन गांवों में बिजली की समस्या समाप्त होगी। विधायक शाह ने बताया कि इन 94 गांवों में रहने वाले आदिवासी समाज के लोग अब तक एक बल्ब भी नहीं जला पा रहे थे। उन्होंने विधानसभा में इन गांवों की समस्या को उठाया था, जिसके बाद सरकार ने इस कार्य के लिए मंजूरी दी है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि सरकार ने वर्ष 2010 में पूरे भारत में फीडर सेग्रीगेशन का कार्य शुरू किया था, जो 2019 तक पूरा हो गया था। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के हरदा आगमन से पहले जिले में श्रेय की राजनीति गरमा गई है। विधायक शाह ने कहा कि लोकार्पण के पत्थरों पर उन लोगों के नाम नहीं होने चाहिए, जिन्होंने 15 साल विधायक रहते हुए इन गांवों की समस्या के लिए कोई प्रयास नहीं किया।

# सादगी से मनाया विधायक डॉ. दोगने का जन्मदिन





अनोखा तीर, हरदा। हरदा विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने का जन्मदिवस सोमवार को उनके निज निवास पर सादगीपूर्ण एवं आत्मीय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर सुबह से ही कांग्रेसजनों, क्षेत्रवासियों, समर्थकों एवं शुभचिंतकों का उनके निवास पर बधाई देने के लिए तांता लगा रहा। सर्वप्रथम हरदा विधायक डॉ. दोगने ने सहपरिवार ग्राम हंडिया पहुंचकर मां नर्मदा एवं रिद्धेश्वर मंदिर में भगवान भोलेनाथ का पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त किया और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। इसके पश्चात विधायक डॉ. दोगने अपने निज निवास पर पहुंचे, जहां पहले से उपस्थित कांग्रेसजनों, क्षेत्रवासियों, समर्थकों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें पुष्पमाला पहनाकर, मिठाई खिलाकर एवं शाल-श्रीफल भेंट कर जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं। कई वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्रवासियों ने भी उपस्थित होकर उन्हें जन्मदिवस की बधाई दी तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। जन्मदिवस के अवसर पर पूरे दिन विधायक निवास पर जिले भर से शुभेच्छुओं का आना-जाना लगा रहा। वहीं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक, व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम के माध्यम से भी बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों, समर्थकों, शुभचिंतकों और जिला बार एसोसिएशन के सदस्यों ने विधायक डॉ. दोगने को जन्मदिवस की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। विधायक डॉ. दोगने ने समस्त क्षेत्रवासियों, कांग्रेसजनों, समर्थकों एवं पत्रकार बंधुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मेरे जन्मदिवस के अवसर पर आप सभी के द्वारा जो स्नेह, आशीर्वाद और शुभकामनाएं मुझे प्राप्त हुई हैं, उसके लिए मैं आप सभी का हृदय से आभारी हूं। आपके प्रेम और विश्वास ने मुझे सदैव जनसेवा के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है। मैं स्वयं को सौभाग्यशाली मानता हूं कि मुझे हरदा क्षेत्र की जनता की सेवा करने का अवसर मिला है। आप सभी का स्नेह और विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी शक्ति है। मैं आप सभी को विश्वास दिलाता हूं कि क्षेत्र के विकास, जनता की समस्याओं के समाधान और जनहित के कार्यों के लिए मैं पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निरंतर कार्य करता रहूंगा। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन सांई, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष ओम पटेल, खंडवा ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तम सिंह पाल, महेश पटेल, गोविन्द व्यास, संजय भायरे, शंकर सिंह सोलंकी, सुरेन्द्र विश्नोई, आत्माराम पटेल, रामदीन पटेल, हीरालाल पटेल, भागीरथ पटेल, राधेश्याम सिरोही, युसूफ बाबा, भूपेश पटेल, अनिल दुबे, आमिर पटेल, संजू दुबे, डॉ. रामकृष्ण दुगाया, चुन्नीलाल रायखेरे, संजय बिगावने, दशरथ पटेल, श्यामलाल बाबल, दिनेश यादव, राहुल जायसवाल, शशि वर्मा, ओम सोलंकी, अजय राजपूत, शिव कापड़िया, प्रमिला ठाकुर, सुप्रिया पटेल, लाजवंती लखोरे, अरुण तिवारी, विजय सिंह सूरमा, बिजू जाट, अमर रोचलानी, गौरीशंकर शर्मा, संजय जैन, कैलाश पटेल, हयात खान, अनिल सूरमा, राकेश सूरमा, राहुल पटेल, भूपेश बाबल, धर्मेन्द्र चौहान, गगन अग्रवाल, रूपेश जाट, निलेश सेन, अनिल विश्नोई, योगानंद राजपूत, भूपेन्द्र विश्नोई, अर्पीत विश्नोई, आदित्य गार्गव, मोहन राजपूत, कृष्णा विश्नोई, सोनू चौहान, सरवन विश्नोई, सुगंधचंद भंडारी, देवेन्द्र राजपूत, महेश राठौर, राजेश सोनकर, देवेन्द्र दरबार, गोविन्द राजपूत, हरिमोहन शर्मा, अभिषेक पटेल, रघुवीर राजपूत, आशुतोष कोठारी, राकेश पारासर, लालू राजपूत, लोकेश जायसवाल, बंटी वर्मा, अयुब खान, अफरोज खान, कमल सिंह, विनय मालवीय, राज पटेल, अर्जुन बाना, कमल बाष्ट, नितिन जोशी, मायराम घटियाला, जावेद खान, लक्ष्मीकांत दुबे, शुभम बाना, जगदीश विश्वकर्मा, बी.एम. पाराशर, शैलेन्द्र जोशी, अखिलेश भाटी, रामअवतार राजपूत, राजेश पाराशर, उधौ सोनकर, अशफाक खान, संजय जाट, अनोखीलाल गौर, मदन गौर सहित जिले भर से हजारों की संख्या में कांग्रेसजन एवं क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री मोहन यादव के हरदा आगमन पर विशेष यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था

**अनोखा तीर, हरदा।**

18 मार्च को मुख्यमंत्री मोहन यादव के हरदा आगमन एवं नेहरू स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम को देखते हुए आमजन की सुविधा और यातायात के सुचारू संचालन के लिए यातायात पुलिस द्वारा विशेष यातायात और पार्किंग व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री के आगमन के लिए छीपानेर रोड स्थित छीपानेर अंडर ब्रिज के पास हेलीपेड बनाया गया है। मुख्यमंत्री के काफिले के निर्धारित मार्ग से गुजरने के दौरान यातायात को व्यवस्थित रखने के लिए खंडवा की ओर से आने वाले भारी वाहनों को वैकल्पिक मार्गों पर डायवर्ट किया जाएगा। इसी प्रकार इंदौर और बैतूल की ओर से आने वाले सभी प्रकार के वाहनों को भी आवश्यकतानुसार अन्य मार्गों से डायवर्ट किया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान छीपानेर से हरदा की ओर आने वाले वाहनों को छीपानेर चौक से कलेक्टर चौराहा, इंडस्ट्रीज एरिया होते हुए शिवम वाटिका मार्ग की ओर मोड़ा जाएगा। वहीं हरदा से छीपानेर की ओर जाने वाले वाहनों को अस्पताल तिराहा से सेंट मेरी स्कूल, शिवम वाटिका मार्ग होते हुए ग्वालनगर के रास्ते छीपानेर की ओर डायवर्ट किया जाएगा। मुख्यमंत्री की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नेहरू स्टेडियम के चारों ओर नो-व्हीकल जोन घोषित किया गया है। यह क्षेत्र नायरा पेट्रोल पंप के पास स्थित एटीएम से गुर्जर बोर्डिंग मंदिर तथा महाराणा प्रताप चौक से तेजाजी चौक होते हुए बलराम चौक तक पूर्ण रूप से नो-व्हीकल जोन रहेगा।




## पार्किंग व्यवस्था

कार्यक्रम में शामिल होने वाले नागरिकों के वाहनों के लिए विभिन्न स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था की गई है। पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में वीआईपी और प्रशासनिक वाहनों की पार्किंग, कृषि उपज मंडी प्रांगण में बस पार्किंग, एक्सीलेंस स्कूल मैदान में कार और मोटरसाइकिल पार्किंग, छीपानेर चौक के खाली मैदान में कार और मोटरसाइकिल पार्किंग तथा मां रेवा गार्डन में बस पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

## पार्किंग तक पहुंच मार्ग

बैतूल, नर्मदापुरम, टिमरनी, रहटगांव और सोडलपुर की ओर से आने वाले वाहनों के लिए हाईवे स्थित छीपानेर रोड ओवर ब्रिज, ग्वालनगर और इंडस्ट्रीज एरिया होते हुए मंडी गेट के माध्यम से कृषि उपज मंडी प्रांगण तक बस पार्किंग के लिए मार्ग निर्धारित किया गया है। हंडिया की ओर से आने वाले वाहन हाईवे से छीपानेर रोड, ग्वालनगर और इंडस्ट्रीज एरिया होते हुए मंडी गेट के रास्ते मंडी प्रांगण स्थित बस पार्किंग स्थल तक पहुंचेंगे।

इसी प्रकार खंडवा, छीपाबड़ और सिराली की ओर से आने वाली बसों के लिए खंडवा रोड बायपास चौराहा से छीपानेर रोड होते हुए मंडी गेट के माध्यम से कृषि उपज मंडी प्रांगण में बस पार्किंग की व्यवस्था की गई है। यातायात पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित मार्गों और पार्किंग स्थलों का उपयोग करें तथा यातायात व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।

# 63 वर्ष बाद मिले 1963 बैच के 18 मित्र

**● हरदा में हुआ भावनात्मक मिलन समारोह**



**अनोखा तीर, हरदा।**

किसान भवन में रविवार, 15 मार्च को एक विशेष और भावनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वर्ष 1963 में हरदा के विद्यालय से शिक्षा प्राप्त करने वाले 18 मित्र लगभग 63 वर्ष बाद एक-दूसरे से मिले। इतने लंबे समय बाद हुए इस मिलन ने सभी को अपने पुराने दिनों की यादों में लौटा दिया और पूरा वातावरण भावुक तथा आनंदमय हो गया। इस मिलन समारोह में मुंबई, नागपुर, भोपाल, इंदौर और हरदा सहित विभिन्न शहरों से आए मित्रों ने भाग लिया। वर्षों बाद मिले इन मित्रों ने अपने छात्र जीवन की यादें साझा कीं और एक-दूसरे के साथ हंसी-खुशी समय बिताया।

कार्यक्रम के दौरान एक विशेष सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें दिवंगत मित्र कमल गोयल की धर्मपत्नी पूर्व जिला अध्यक्ष उषा गोयल का सम्मान किया गया। इस अवसर पर सभी मित्रों ने उनसे मुलाकात कर शुभकामनाएं दीं। यह आयोजन सामंजस्य और सच्ची मित्रता का एक सुंदर उदाहरण बन गया। मित्रों ने अपने बीते सुनहरे दिनों की यादों को ताजा करने के साथ-साथ मिशन हैप्पी हरदा के माध्यम से समाज के भविष्य को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य करने की इच्छा भी व्यक्त की। इस प्रकार कार्यक्रम में अतीत की स्मृतियों और भविष्य की प्रेरणा का सुंदर संगम देखने को मिला। कार्यक्रम के उपरांत सभी मित्रों ने हरदा शहर का भ्रमण भी किया।

इस दौरान उन्होंने अपने पुराने परिचितों से मुलाकात की तथा उन स्थानों को देखा जो उनके छात्र जीवन की यादों से जुड़े हुए थे। इसके बाद सभी मित्र अपने विद्यालय परिसर पहुंचे, जहां उन्होंने समूह फोटो लेकर इस यादगार क्षण को सहेजा। कार्यक्रम के अंत में लगभग 80 वर्ष की आयु के ये सभी उत्साही मित्र अपने-अपने शहरों के लिए रवाना हुए। जाते समय उन्होंने प्रेरणादायक संदेश के साथ जीवन जीने का संकल्प लिया स्वास्थ्य प्रथम, स्वयं को स्वस्थ रखें, सक्रिय रहें, उत्पादक बनें और जीवन का पूरा आनंद लें। इस कार्यक्रम का आयोजन मिशन हैप्पी हरदा के सहयोग से किसान भवन, हरदा में किया गया, जिसमें समाजसेवी राजीव बाहेती, सुनील बागरे, साहित्यकार ज्ञानेश चौबे, घनश्यामदास सोमानी, ओम शुक्ला तथा उनके साथियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। रमन क्षेत्रीय संसाधन केंद्र, हरदा के क्षेत्रीय प्रबंधक उमेश शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में सभी लोगों ने सामाजिक मित्रता और उत्साह के साथ सहभागिता की। इस अवसर पर सभी मित्रों ने आगामी 2-3 वर्षों के भीतर पुनः इसी प्रकार का कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया तथा समाज के उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर मिलते रहने और रचनात्मक कार्य करने की इच्छा व्यक्त की।

# फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए इनाम घोषित

**अनोखा तीर, हरदा।** पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न प्रकरणों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु इनाम घोषित किए है। उन्होने थाना टिमरनी के अपराध क्र.78/2026 धारा 296 बी, 115 (2), 351(3), 190, 191(2), 191(3), 109(1) बीएनएस 3(1) (द), 3(घ), 3(2) एससी/एसटी एक्ट ईजाफा धारा 118(1) में फरार आरोपियों दीपक पिता तयपा मसीह, सौरभ मसील निवासी टिमरनी की तलाश एवं पतारसी हेतु 3 हजार रूपये के इनाम की घोषणा की है। इसी प्रकार थाना कोतवाली के अपराध क्र.301/2025 धारा 137(2) बीएनएस ईजाफा धारा 65(1), 87 बीएनएस एवं पास्को एक्ट में फरार आरोपिया मनीषा उर्फ राधा पिता संजय राजपूत उम्र 38 वर्ष निवासी बावड़िया तथा महिला थाना के अपराध क्र.12/26 धारा 65(1), 137(2) बीएनएस में फरार आरोपी महेश पिता पुरूषोत्तम कुशवाह निवासी अर्जुन नगर की गिरफ्तारी हेतु 3-3 हजार रूपये की घोषणा की गई है। जारी उद्घोषणा में कहा गया है कि जो व्यक्ति इन आरोपियों को गिरफ्तार करेगा या करवाएगा या ऐसी सूचना देगा, जिसके आधार पर आरोपी की गिरफ्तारी संभव हो सके, ऐसे सूचनाकर्ता को आरोपी की गिरफ्तारी के लिए इनाम की राशि से पुरस्कृत किया जाएगा। यदि सूचनाकर्ता चाहेगा तो उनका नाम गोपनीय रखा जाएगा। पुरस्कार वितरण के संबंध में अंतिम निर्णय पुलिस अधीक्षक जिला हरदा का मान्य होगा।

# हरदा के अनुज जैन ने यूसी बर्कले में किया कमाल

**-जिले का नाम फिर रोशन**

**अनोखा तीर, हरदा।** जिले के युवा अनुज जैन ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर हरदा का नाम एक बार फिर रोशन किया है। समाजसेवी राजकुमार बाफना के भांजे अनुज जैन ने अमेरिका की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, बर्कले से मास्टर ऑफ फाइनेंशियल इंजीनियरिंग (एमएफई) की डिग्री प्राप्त की है। डिग्री वितरण समारोह के दौरान अनुज जैन को स्नातक वक्ता बनने का विशेष सम्मान दिया गया। इस अवसर पर उन्होंने प्रभावशाली और प्रेरणादायक भाषण देकर उपस्थित लोगों को काफी प्रभावित किया। समारोह में उन्हें विश्वविद्यालय द्वारा एंबोडिमेंट ऑफ डिजाइनिंग प्रिंसिपल्स स्टूडेंट ऑलवेज अवार्ड से भी सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उस छात्र को दिया जाता है जो सीखने की निरंतर भावना के साथ हास स्कूल ऑफ बिजनेस की प्रतिष्ठा को वैश्विक स्तर पर बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान देता है। अनुज जैन इससे पहले भी कई महत्वपूर्ण पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं और उन्हें प्रधानमंत्री पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। उनकी यह उपलब्धि केवल उनकी व्यक्तिगत सफलता नहीं है, बल्कि हरदा जिले के लिए भी गर्व का विषय है। हरदा के नागरिकों ने अनुज को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि कैलिफोर्निया में पढ़ाई कर रहे इस प्रतिभाशाली युवा ने एक बार फिर हरदावासियों का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है।








# गणगौर महोत्सव के चतुर्थ दिवस तीन मंडलों की मनमोहक प्रस्तुति

**माता-बहनों ने दिए पारंपरिक झालरे, भजनों से भक्तिमय हुआ माहौल**

**अनोखा तीर, बालागांव।**

ग्राम बालागांव में आयोजित गणगौर महोत्सव पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। महोत्सव के चतुर्थ दिवस विभिन्न मंडलों द्वारा आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें देखने के लिए गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ग्रामीण और महिलाएं उपस्थित रहीं। दिन के समय माता-बहनों एवं गोरनी बाई द्वारा आम के पेड़ के नीचे पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ झालरे दिए गए। इस दौरान आसपास से आई महिला मंडलियों ने भी सुंदर प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। वहीं रात्रि में आयोजित कार्यक्रम में सरस्वती शिशु मंदिर बालिका गणगौर मंडल महेंद्रगांव, श्री गुरु जंभेश्वर गणगौर मंडल सालिया खेड़ी तथा मां कात्यायनी गणगौर मंडल हरदा द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। मंडलों के भजनों और पारंपरिक गीतों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। गणगौर महोत्सव में प्रतिदिन अलग-अलग मंडलों की प्रस्तुतियां देखने के लिए ग्रामीणों में खासा उत्साह बना हुआ है। आयोजन परिवार के शिवनारायण गौर, भगवानदास गौर एवं पवन गौर द्वारा सभी मंडलों का स्वागत किया गया, वहीं कार्यक्रम का संचालन हरिओम गौर, मदन गौर, सुरेश गौर, उमाशंकर गौर अन्य ग्रामीणों द्वारा किया जा रहा है।

# तुरनाल स्थित पिंड स्थली को बचाने मुख्यमंत्री से मिलने का समय मांगा

**अनोखा तीर, हरदा।** श्री परशुराम सेना मध्यप्रदेश जिला हरदा ने संयुक्त कलेक्टर सतीश राय को ज्ञापन सौंपकर 18 मार्च को मुख्यमंत्री मोहन यादव से मिलने के लिए समय मांगा है। परशुराम सेना के प्रदेश सचिव राज शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री के हरदा आगमन के दौरान संगठन उनसे मिलकर ज्ञापन सौंपना चाहता है। ज्ञापन का प्रमुख उद्देश्य भगवान परशुराम के माता-पिता की पिंड स्थली तुरनाल को बचाने की मांग करना है, जो हंडिया बैराज परियोजना के कारण डूब क्षेत्र में आने की संभावना है। उन्होंने बताया कि यह स्थान ब्राह्मण समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होने के साथ ऐतिहासिक महत्व भी रखता है। संगठन की मांग है कि या तो इस स्थल का जीर्णोद्धार किया जाए या इसे सुरक्षित रूप से किसी अन्य स्थान पर विस्थापित किया जाए, ताकि इस पवित्र स्थली को संरक्षित रखा जा सके।

